उज्जैन
मंगलवार
10
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-99
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



चंबल की लोककथाओं पर बेस्ड होगी शक्ति शालिनी सैयारा फेम अनीत पड्डा के साथ पहली बार फुल लेंथ रोल में दिखेंगे विशाल जेठवा

पेज- 8

## लोकसभा स्पीकर को पद से हटाने का प्रस्ताव तैयार कर रहा विपक्ष 103 सांसदों ने हस्ताक्षर किए



**नई दिल्ली।** बजट सत्र का मंगलवार को 10वां दिन है। 1 फरवरी को 2026 का बजट पेश किया गया था। इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा होनी थी, लेकिन लोकसभा में नेता विपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उठाए मुद्दों पर सदन लगातार स्थगित किया जा रहा है। सोमवार को भी लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चली। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग करता रहा। राहुल गांधी ने कहा था कि 1 घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए , स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं।

## अगले 5 साल में शहरों की संख्या-दायरा बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग का नया शहरी रोडमैप मॉडल लागू हुआ तो अगले 5 साल (2026-31) में देश में 12 करोड़ नए शहरी लोग होंगे। मतलब, शहरों की संख्या और दायरा दोनों बढ़ेगा। गांवों के लोग शहरी सीमा में शामिल हो जाएंगे। यानी जिन गांव-कस्बों से पलायन करके लोग नजदीक के शहरों में आएंगे, उन तक शहरों की सीमा खुद पहुंच जाएगी। शहरीकरण का यह अब तक का सबसे बेहतर मॉडल बताया जा रहा है। इसी के तहत शहरों को आगे फंड का बंटवारा होगा। इस मॉडल के तहत नगरीय निकायों के कमिश्नर या सक्षम अधिकारी और मेयर या समकक्ष चेयरमैन बिना शर्त 52% तक फंड खर्च कर सकेंगे। पहले यह सीमा 21% थी।

## शबाना महमूद ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं, कश्मीरी मूल की हैं



**ब्रिटेन।** एपस्टीन फाइल्स विवाद में अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। लेबर पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। हालांकि स्टार्मर ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है। शबाना महमूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मीरपुर मूल की है। 2025 में गृह मंत्री बनने वाली वह पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी।

## अरुणाचल प्रदेश भूकंप के झटकों से थर्राया, आधी रात 3.1 की तीव्रता से कांपी जमीन

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले में आधी रात धरती अचानक हिल उठी। मंगलवार को 12 बजकर 58 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता 3.1 मैग्नीट्यूड दर्ज की गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक झटके हल्के थे। इस भूकंप से अभी तक नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले में मंगलवार सुबह 12:58 बजे रिक्टर स्केल पर 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि मंगलवार रात आया भूकंप 27.45 लैटिट्यूड और 92.11 लोंगिट्यूड पर दर्ज किया गया। इसकी गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी।

### मप्र में 3856 परीक्षा केंद्रों में 7 लाख स्टूडेंट्स देंगे एग्जाम

# कक्षा 12वीं बोर्ड का पहला पेपर आज से

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल


प्रदेश में 12वीं बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गई है। इस साल करीब 7 लाख स्टूडेंट्स कक्षा 12वीं के फाइनल एग्जाम देंगे। प्रदेश भर में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, सीसीटीवी निगरानी और थानों से प्रश्न-पत्र निकालने तक वीडियोग्राफी की गई है। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक होंगी।

इस बार प्रदेश में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में करीब 16 लाख छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी कक्षा 10वीं की परीक्षा देंगे, जबकि करीब 7 लाख छात्र 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठेंगे। इतने बड़े स्तर पर होने वाली परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, नकलमुक्त और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग ने महीनों पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं।

### हर जिले में सख्त निगरानी

बोर्ड परीक्षाओं के लिए पूरे प्रदेश में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। भोपाल की बात करें तो यहां 10वीं के 30 हजार 746 और 12वीं के 26 हजार 627 छात्र परीक्षा देंगे। इन छात्रों के लिए भोपाल में कुल 104 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर जिले में चार-चार फ्लाइंग स्क्वॉड गठित किए हैं। इनमें से दो स्क्वॉड विकासखंड स्तर पर और दो जिला स्तर पर काम करेंगे। हर स्क्वॉड में तीन सदस्य होंगे और तीनों पुलिस या प्रशासनिक स्तर के अधिकारी होंगे, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

### संवेदनशील केंद्रों पर तीसरी आंख का पहरा



नकल और अनुचित साधनों पर रोक लगाने के लिए इस बार तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशासन ने संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की पहचान कर वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इन केंद्रों पर होने वाली गतिविधियों पर भोपाल स्थित बोर्ड कार्यालय से सीधी निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा, थानों से प्रश्न-पत्र निकालने के दौरान भी वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है और सुरक्षा गार्ड्स की तैनाती की गई है। इसका मकसद है कि परीक्षा प्रक्रिया की हर कड़ी पारदर्शी और सुरक्षित बनी रहे।

### खुशी का माहौल मातम में बदला

## शादी में शामिल होने वाले भांजे की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

ब्रह्मास्त्र ›› महिदपुर रोड

ग्राम बेलाखेड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण शर्मा का बेटा अशोक शर्मा जो ग्राम पेटलावद स्थित अपने मामा सोमेश्वर शर्मा के बेटे लखन शर्मा की शादी में शामिल होने अपनी पत्नी सहित आ रहा था उसकी शादी में आते वक्त सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई वही उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मामा पक्ष के परिजनों को जैसे ही सड़क दुर्घटना में भांजे अशोक के निधन की जानकारी मिली शादी में खुशी का माहौल मातम में बदल गया।

परिजनों तथा अन्य ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम के बद्रीलाल शर्मा की बेटी तथा भरत शर्मा और सोमेश्वर शर्मा की बहिन का विवाह बेलाखेड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण शर्मा से हुआ था जिनका बेटा अशोक शर्मा अपनी पत्नी के साथ अपने मामा के बेटे के वैवाहिक आयोजन में शामिल होने सोमवार को दिन में घर से महिदपुर रोड होते हुए पेटलावद के लिये निकला था। रास्ते में खेड़ा खजूरिया के पास एक सड़क दुर्घटना में अशोक शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई तथा उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पेटलावद में शादी में आयोजित कार्यक्रम में इस तरह की विदारक घटना की जानकारी मिलते ही शोक छा गया लखन शर्मा की बारात उज्जैन के पास जहां एक गांव में जा रही थी। वह ग्राम गोगापुर के गणेश शर्मा की बहिन की शादी हुई है, गणेश शर्मा की भांजी को लखन ब्याहने जाने वाला थाा।

### नई कलेक्टर गाइडलाइन बनाने की तैयारी शुरू

## एआई व संपदा टू सॉफ्टवेयर की मदद से सर्वे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे एमपी के साथ ही अब उज्जैन में भी नई कलेक्टर गाइडलाइन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है, इसके लिए एआई व संपदा टू सॉफ्टवेयर की मदद से सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे में पता लगाया जा रहा है कि किस जिले में कहां पर अधिक दाम पर रजिस्ट्रियां हुई हैं। इसी डाटा के आधार पर ही प्रापर्टी के दाम तय किए जाएंगे। बता दें कि अभी ऑनलाइन माध्यम से सर्वे किया जा रहा है, इसके बाद राजस्व व पंजीयन अधिकारी जमीनी स्तर पर भी उन क्षेत्रों का सर्वे करेंगे, जहां पर तेजी से प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त की जा रही है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की कलेक्टर गाइडलाइन बनाने के महानिरीक्षक पंजीयन ने आदेश जारी कर दिए हैं, जिसके तहत फरवरी तक जिला





मूल्यांकन समितियों को गाइडलाइन का प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजना है।

दरअसल, प्रदेश में जमीन की कीमतों को तय करने वाली कलेक्टर गाइडलाइन को इस बार पूरी तरह वैज्ञानिक और बाजार मूल्य के अनुरूप बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। पंजीयन विभाग पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग करते हुए नई गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बीते एक वर्ष में जिन क्षेत्रों में नया विकास हुआ है, वह गाइडलाइन से बाहर न रह जाए। नई गाइडलाइन 1 अप्रैल से लागू होगी और इसका सीधा असर जमीन की दरों पर दिखाई देगा। पंजीयन विभाग द्वारा यह प्रयोग मप्र इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीएसईडीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। इसके तहत जिलों की एक साल पुरानी और वर्तमान सैटेलाइट इमेज निकलवाई है। इनको पंजीयन मुख्यालय से संबंधित जिलों को भेजा जाएगा, ताकि जमीन में आए बदलाव को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा सके।

सैटेलाइट इमेज से यह देखा जा रहा है कि पिछले वर्ष जो जमीन खाली थी, वहां अब क्या स्थिति है। कहीं उस पर प्लाटिंग हो चुकी है, तो कहीं कॉलोनी विकसित हो चुकी है। पंजीयन विभाग ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की भी मदद ली है।


### नरवणे की किताब को लेकर संसद में गरमाई राजनीति

## राहुल गांधी और मोदी सरकार आमने सामने

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी को लेकर संसद में शुरू हुआ विवाद अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। इस मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं और संसद की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों के बाद यह मामला राहुल बनाम मोदी के सीधे सियासी टकराव में तब्दील हो गया है, जहां एक ओर कांग्रेस चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को घेर रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा इसे संसद की गरिमा और राष्ट्रीय हित से जोड़कर विपक्ष पर हमला बोल रही है।

इस राजनीतिक विवाद की शुरूआत 2 फरवरी को लोकसभा में हुई, जब राहुल गांधी ने सदन में द कारवां मैगजीन के एक लेख का हवाला देते हुए जनरल नरवणे की किताब से जुड़े कथित अंशों का उल्लेख किया। राहुल गांधी का दावा था कि किताब में 2020 के गलवान संघर्ष के बाद की घटनाओं का जिक्र है, जिसमें बताया गया है कि चीनी टैंक






भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे और इस गंभीर स्थिति में राजनीतिक नेतृत्व की ओर से स्पष्ट निर्देश नहीं मिले। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उस समय प्रधानमंत्री ने अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय फैसला सेना प्रमुख पर छोड़ दिया।

राहुल गांधी ने सदन में कहा कि किताब में यह संकेत मिलता है कि सेना प्रमुख को यह कह दिया गया कि जो उचित समझो, वही करो, जिससे यह संदेश गया कि शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व निर्णय लेने से पीछे हट गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर मामला है और संसद में इस पर चर्चा होना जरूरी है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को सिर्फ एक किताब तक सीमित न रखते हुए इसे चीन नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक जवाबदेही से जोड़ दिया।

### तीखी प्रतिक्रिया दी

कांग्रेस के इस हमले के बाद सत्तापक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा सांसदों और मंत्रियों ने राहुल गांधी पर संसद के नियमों का उल्लंघन करने और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को राजनीति का हथियार बनाने का आरोप लगाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में स्पष्ट कहा कि जिस किताब का अभी तक आधिकारिक प्रकाशन नहीं हुआ है, उसके कथित अंशों का हवाला देना न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि यह देश के हितों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आरोपों से सेना और सरकार के बीच अविश्वास का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है।



## खबर एक नजर...

### शराबी पति ने पत्नी से की मारपीट

**उज्जैन।** चारधाम मंदिर के पास गौंड बस्ती में रहने वाली आरती गौड़ के साथ रविवार रात पति रजीव ने बुरी तरह मारपीट की। आरती के घायल होने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां आरती ने बताया कि पति ई-रिक्शा चलता है और शराब पीने का आदी है। नशा कर घर लौटा है और आये दिन विवाद करता है। अस्पताल की ओर से आरती के साथ हुई मारपीट की सूचना पुलिस को दी गई है।

### कार-बाइक भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी घायल

**उज्जैन।** कार और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार दंपति गंभीर घायल हो गये थे, जिन्हे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया। सोमवार दोपहर पति की मौत हो गई। पत्नी की हालत गंभीर होने पर इंदौर रैफर किया गया है। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक सियाराम भदौरिया ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती अशोक पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा 40 निवासी बेलाखेड़ा राघवी की दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के दौरान मौत होने की खबर मिलने पर मर्ग कामय किया और पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि लक्ष्मीनारायण शर्मा और उनकी पत्नी सुबह घर से शादी में शामिल होने के लिये बाइक से निकले थे। रास्ते में कार ने टक्कर मारी थी। पत्नी को इंदौर रैफर किया गया है। प्रधान आरक्षक के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मर्ग डायरी जांच के लिये संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### सात जन्मों का बंधन 10 माह में टूटा, पत्नी ने जहर खाकर की आत्महत्या

**उज्जैन।** 10 माह पहले सात जन्मों के लिये बंधन में बंधे पति-पत्नी का रिश्ता पत्नी की मौत होने के बाद टूट गया। पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। माकडोन के बिरियाखेड़ी में रहने वाली भावना 20 वर्ष का 10 माह पहले आगर के ग्राम खेकरिया में रहने वाले अम्बाराम से विवाह हुआ था। शुक्रवार को भावना जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर तनोडिया में मोबाइल दुकान चलाने वाले पति को कॉल किया। पति घर पहुंचा और भावना को उपचार के लिये उज्जैन लाया गया। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान रविवार-सोमवार रात भावना की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि भावना के पिता की कुछ माह से तबीयत ठीक नहीं चल रही थी। पिता की हालत के चलते भावना डिप्रेशन में आ गई थी। संभवतः इसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया है। मायके पक्ष ने भी ससुराल पक्ष पर कोई आरोप नहीं लगाया। माधवनगर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है।

### सोयाबीन के भाव 200 रुपए गिरे, प्लांट ने खरीदी ऑफर में कमी की

**उज्जैन।** सोयाबीन के भाव में सोमवार को सीधी 200 रुपए की गिरावट आ गई। प्लांट ने 5750 वाले ऑफर सोमवार को दोपहर में 5400 से 5425 में बदल दिए। देखा जाए तो उज्जैन मंडी का नीलाम 11 बजे शुरू हुआ तो मंडी 100 रुपए घटकर बिकी। प्लांट ने भाव 12 बजे बाद खोले। ऐसे में खरीदार को 100 का अतिरिक्त नुकसान भी लग गया। सोमवार को दिनभर सोयाबीन व्यापारियों में भाव को लेकर मंथन चलता रहा। इसे पशु आहार के आयात को जोड़कर भी देखा गया। सोया खली का निर्यात जीरो होने पर भी घबराहट में भाव का स्तर नीचे आ गया। मंडी नीलाम में 5600 से 6060 रुपए के भाव रहे। डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का सोयाबीन किसानों ने नीलाम में बेचा। इसके खरीदार 100% प्लांट वाले ही रहे। मोटर बिल्टी का व्यापार करने वाले तो लंबे समय से अपने भाव पर सोयाबीन नहीं खरीद पा रहे है। इधर स्टॉक वाले करीब 60% महंगे भाव पर सोयाबीन बेचकर 700 रुपए क्विंटल से अधिक का लाभ पहले ही ले चुके हैं। 40% तो 6000 और 7000 रुपए की संभावना में होल्ड कर गए। अब जो भाव चल रहे हैं वह नुकसान वाले ही बने रहे। सोयाबीन कारोबारी के अनुसार 200 से 250 रुपए की गिरावट आई तो अब 50 रुपए का सुधार भी आ सकता है।

# गाय जो बन गई हैं स्टेटस सिंबल

## पक्के घरों में रख रहे लोग, बहुत अधिक दोस्ताना गौ, दूध में फैट की मात्रा अधिक, दूध में स्वर्णिम तत्व भी







ब्रह्मास्त्र ›› पं. राहुल शुक्ल . उज्जैन

गौ की जो देशी नस्ल कुछ वर्षों पहले तक विलुप्त होने की कगार पर थीं उनके संरक्षण ने सुखद परिणाम दिए और ये गाय अपनी छोटी कदकाठी के द्वारा बहुत लोकप्रिय हुई। आंध्रप्रदेश के चित्तूर की देशी नस्ल पुंगूनूर आज पूरे देश मे पसंद की जा रही है। पुंगूनूर गाय पूर्ण वयस्क होने पर भी मात्र ढाई से चार फुट ऊंची ही रहती हैं और वजन मात्र 50 किलो। गाय के बच्चे का औसत वजन 30 से 35 किलोग्राम ही रहता है। कम वजन व कम ऊंचाई के कारण पुंगूनूर गाय की मांग पूरे देश में बनी हुई है। 1997 में जहां इनकी संख्या मात्र 230थी वह वर्ष 2023 की गणना में लगभग 13 हजार हो गई। इसके मूल में आंध्रप्रदेश सरकार और स्थानीय किसानों के प्रयास रहे हैं। गाय के संरक्षण पर राज्य शासन ने विशेष ध्यान दिया और परिणाम उत्साहजनक रहे।



**कार में बैठाकर घूमा रहे-** पुंगूनूर गाय की प्रकृति बेहद सीधी और दोस्ती वाली है इस कारण ये जल्दी ही अपने मालिक व घर के बच्चों से घुलमिल जाती हैं। इसी विशेषता के कारण पुंगूनूर गाय को लोग अपने घर के अंदर पाल रहे हैं और कार की सीट पर बैठाकर घूमा रहे हैं।

### पुंगूनूर का बछडा पी रहा गीर का दूध

हमारे फार्म का सबसे प्यारा बच्चा है पुंगूनूर का छोटा नंदी। ये बहुत कम समय में फार्म की अन्य गौमाताओं व देखरेख करनेवालों से घुलमिल गया और गीर गाय का दूध रोज पी रहा है। गीर गाय के थन को चूसता पुंगूनूर बछड़ा देख सभी आनंदित होते हैं। इनको हम दिन में दो बार न्यूट्रिटीव पाउडर भी घोलकर पिलाते हैं। इनके दोस्ताना व्यवहार के कारण बहुत से बच्चे व युवा इनके साथ खेलने फार्म पर आ रहे हैं।

**-गोसेवक गोविन्द माहेश्वरी, देवगुराडिया।**

### देश के पीएम की भी पसंद

आंध्रप्रदेश की इस स्वदेशी गौ नस्ल की विशेषताओं से प्रभावित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुंगूनूर को चारा खिलाते व प्यार करने वाली तस्वीर खूब वायरल हुई और काफी लोग इस गाय को अपने घर में रखने लगे व कार मे घुमाते दिखने लगे। स्वदेशी गाय के प्रति बढ़ते प्रेम से एक संकेत तो मिल ही रहे हैं कि गौमाता को लोग कार मे बैठाकर सम्मान देने से नहीं चूक रहे हैं जो भारत की आध्यात्मिक छवि को पुष्ठ ही कर रही है।

- **पुंगूनूर गाय का दूध पौष्टिक -** कुछ विशेषताओं के कार पुंगूनूर गाय ने अपनी विशिष्ट पहचान बना रखी है। गौविशेषज्ञों और पशु वैज्ञानिकों के अनुसार इन गायों के दूध मे फेट (वसा) की मात्रा अच्छी पाई गयी है। पुंगूनूर के दूध मे स्वर्ण के अंश भी होते हैं जो स्वास्थ्यवर्धक होते हैं।
- **पुंगूनूर लविंग व फ्रेंडली -** इंदौर के पास देवगुराडिया मे गौ फार्म चला रहे गौप्रेमी इंजीनियर निकी सुरेका के फार्म पर पांच पुंगूनूर गाय व एक नंदी है। निकी भैया ने दैनिक अवंतिका से चर्चा मे बताया कि वे कुछ समय पूर्व ही इन्हें आंध्रप्रदेश से क्रय करके लाए हैं और बहुत कम समय मे ही इन गायों ने सभी का दिल जीत लिया। पुंगूनूर गाय बहुत प्रेमी स्वभाव की होती हैं और अपने पालक को बहुत प्यार करती हैं। इनकी कीमत 2 लाख से लेकर 18 लाख तक होती है।

# महाशिवरात्रि से विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ

## 139 दिन चलेगा, ख्यात कलाकार प्रीतम और विशाल मिश्रा की प्रस्तुति भी होगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

15 फरवरी, महाशिवरात्रि पर्व से विक्रमोत्सव-2026 की भव्य औपचारिक शुरूआत होगी। इसके तहत 30 जून तक 139 दिनों तक देश और दुनिया में सांस्कृतिक, सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों के आयोजन होंगे, जिनका साक्षी उज्जैन शहर बनेगा।

15 फरवरी को सुप्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा शिवोऽहम महादेव की आराधना से महोत्सव का शुभारंभ होगा। द्वितीय चरण 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संपन्न होगा। इसके साथ ही सम्राट विक्रमादित्य के नाम से 21 लाख रुपए का एक राष्ट्रीय सम्मान और 5-5 लाख रुपए की राशि वाले तीन राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

139 दिवसीय इस महोत्सव में 41 से अधिक बहुआयामी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इनमें शिवरात्रि मेलों का शुभारंभ, महाकाल वन मेला, कृषि मेला, कलश यात्रा, विक्रम व्यापार मेला, संगीत, नृत्य एवं वादन, शिवोद्य, शिवपुराण, अनादि पर्व, विक्रम नाट्य समारोह, पुतुल समारोह, संगीत का उद्भव वैचारिक समागम, चित्र प्रदर्शनियां, संगोष्ठियां, विक्रमादित्य का न्याय समागम, भारतीय इतिहास समागम, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, वेद अंताक्षरी, कोटि सूयोर्पासना, शिल्प कला कार्यशाला, प्रकाशन लोकार्पण, पौराणिक फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, बोलियों एवं हिंदी रचनाओं का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शामिल हैं। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मातृशक्ति कवयित्री सम्मेलन, ड्रोन शो तथा ख्यात कलाकार प्रीतम और विशाल मिश्रा की प्रस्तुतियां भी होंगी। सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण देश का सबसे बड़ा सम्मान सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय अलंकरण रहेगा। पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव 13 से 17 मार्च 2026 तक उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। इसमें 25 से अधिक देश शामिल होंगे। समारोह के दौरान अंग्रेजी, फ्रेंच, हिब्रू, रूसी, स्पेनिश, इटैलियन, डच, मंगोलियन, फिजियन, इंडोनेशियन, अफ्रीकी, नाइजीरियन, सिंहली और ग्रीक भाषाओं सहित 25 से अधिक पौराणिक फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# वनस्पतियों को लेकर ज्योतिषियों का मंथन पत्रकार अक्षय को मिला नारद सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवास रोड स्थित एक निजी होटल में देश भर के ज्योतिषियों का समागम हुआ। इसमें मौजूद ज्योतिषियों ने ज्योतिष शास्त्र और वनस्पतियों के संबंध में मंथन कर निर्णय लिए। इस दौरान अतिथियों ने पत्रकारिता में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वरिष्ठ पत्रकार शीतल कुमार कुमार अक्षय को नारद मुनि सम्मान से सम्मानित भी किया।

संयोजक अंकित दुबे ने बताया कि भव्य द्वितीय ज्योतिष परिचय समागम में देश विदेश के सभी मूर्धन्य विद्वान उपस्थित हुए। अध्यक्षता डॉक्टर मुकेश शास्त्री ने की। आयोजन में पाणिनि विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग अध्यक्ष उपेंद्र भार्गव विशेष रूप से सम्मिलित हुए साथ ही म.प्र शासन कुश्ती महासंघ उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, बड़नगर तहसीलदार रुपाली, पूर्व राज्य मंत्री योगेंद्र महंत, ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के महंत श्री महावीर नाथ, सेलिब्रिटी एस्ट्रो स्वाति पांडे, एक्ट्रेस माधवी लावरे, मॉडल स्नेहा पाटीदार, डॉ. प्रदीप पंड्या, कृपाराम उपाध्याय, राजकुमार अग्रवाल, पंकज शर्मा पाटन वाले गुरु, राम किशोर वैदिक, दिलीप राजपाल, प्रियंका चौबे, सीता शर्मा, रेखा मेहता, रचना परमार नारायण वैष्णव, गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल, अनुषा नैनवा, डॉ. राहुल नागर, अरविंद शास्त्री, लक्षिता आदि ने भी विचार मंथन किया। संयोजन राहुल भारद्वाज का रहा तथा संचालन आचार्य गिरीश व्यास ने किया।

# गाड़ी अड्डा से मक्सी रोड तक 80 फीट चौड़ी होगी सड़क

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**190 मकान टूटेंगे, 75% हिस्सा गंवाने वालों को मुआवजा**

सड़क चौड़ीकरण को लेकर गाड़ी अड्डा से लेकर मक्सी रोड बायपास के बीच नया बखेड़ा खड़ा हो गया। करीब 20 फीट सड़क को 80 फीट चौड़ा करने के लिए नगर निगम का चिह्नांकन शुरू होते ही रहवासी विरोध में खड़े हो गए। पूरी मार्ग पर कई जगह 24 मीटर के प्लान को 15 मीटर चौड़ा रखने की मांग उठा दी।

इसको लेकर रहवासियों ने विधायक से लेकर निगम सभापति और कलेक्टर स्तर तक आवाज उठाना शुरू करा दी। सोमवार प्रभावित लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और सड़क की चौड़ाई कम करने की मांग की। प्रभावित क्षेत्र के गोपाल विश्वकर्मा ने बताया कि यहां 80 फीट चौड़ी सड़क की जरूरत ही नहीं है। ऐसा होने से करीब 200 लोगों के मकान टूट जाएंगे। कई लोगों के पास



तो मकान इतनी जगह भी नहीं बचेगी। ऐसी मनमानी के खिलाफ हम चुप नहीं बैठेंगे। सोनू बारोड़ ने बताया कि हमारे निजी प्लॉट है। बावजूद इसके कई लोगों को नगर निगम ने 7 दिन में मकान हटाने का नोटिस दे दिया। इधर, नोटिस देखते ही एक महिला की आंखों से आंसू निकल आए। एफएआर की अनुमति जिन लोगों के मकान सड़क से लगे हुए है, उन्हें सेंटर से 12 मीटर दूर तक का अपना हिस्सा तोड़ना होगा। इन लोगों को मकान तोड़कर यहां सड़क बनाने के एवज में मुआवजा भी नहीं मिलेगा। सिर्फ उन्हीं को मुआवजे की पात्रता होगी, जिनके मकान का 75% हिस्सा टूट रहा हो। इसके अलावा अन्य को जरूरत पड़ने पर एफएआर या टीडीआर के तहत अतिरिक्त निर्माण की अनुमति ही मिल सकेगी।

### 24 मीटर का होगा रोड

एमआर-4 को 24 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्तमान सड़क के सेंटर से दोनों साइडों में 12-12 मीटर तक का अधिग्रहण किया जाना है। इसमें 190 मकानों के हिस्से टूटेंगे। नोटिस जारी कर दिया है।

**एलपी साहू, भवन अधिकारी नगर निगम**

उज्जैन
मंगलवार
10
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावरस्य नौरिव।
न पावनतमं किञ्चित् सत्यादभ्यधिकं क्वचित्॥

**अर्थः** समंदर के जहाज की तरह, सत्य स्वर्ग का सोपान है। सत्य से जादा पावनकारी और कुछ नहीं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में अप्रैल से शुरू होगी डिजिटल जनगणना

**इंदौर।** लंबे इंतजार के बाद अब देश की नई जनगणना का बिगुल बज गया है। इंदौर जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक के साथ ही इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार की जनगणना पहले के मुकाबले काफी अलग और हाईटेक होने वाली है। अक्सर जनगणना के समय कर्मचारियों के घर आने पर जानकारी देने में समय लगता है, लेकिन इस बार सरकार आपको स्व-गणना की सुविधा दे रही है। यानी आप ऐप के जरिए खुद अपनी और अपने मकान की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। जनगणना 2026 में हर कर्मचारी को 150 से 175 मकानों का सर्वे करना होगा। उन्हें डिजिटल फॉर्मेट में डेटा भरना होगा। इस बार डिजिटली जनगणना होने के चलते पहले से कम समय में पूरी होगी। तैयार रिपोर्ट राज्य स्तर पर कम्पाइल होकर केंद्र सरकार को भेजी जाएगी।

### बैंक कर्मचारी ने गोली मारकर खुदकुशी की

**इंदौर।** इंदौर में बैंककर्मी ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना विजय नगर में सिनर्जी अस्पताल के पास सोमवार शाम करीब साढ़े 5 बजे की है। मृतक का नाम हेमंत पिता एसडी ब्रह्मवंशी बताया गया है। वह को-ऑपरेटिव बैंक में काम करता था। हेमंत ने अपने मकान को गिरवी रखकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र से ढाई करोड़ का कर्ज ले रखा था। डेढ़ साल से किश्त न चुकाने पर बैंक की टीम मकान खाली कराने पहुंची थी। बैंक के कर्मचारी मकान की पहली मंजिल पर लिखा-पढ़ी कर रहे थे, इसी दौरान हेमंत ने आत्महत्या कर ली। हेमंत के परिवार में दो लड़के, एक लड़की और मां हैं। हेमंत का बड़ा बेटा एक आईटी कंपनी में कार्यरत है। उनका दूसरा बेटा वर्तमान में पढ़ाई कर रहा है। बेटी पुणे में अध्ययनरत है। हेमंत अकाउंट सेक्शन में पदस्थ था। कर्ज के चलते डिप्रेशन में था विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने कहा- हेमंत ने अपनी लायसेंसी बंदूक से सिर पर गोली मारी। वह अपने रूम में अकेला बैठा था। कर्ज के चलते काफी समय से वह डिप्रेशन में था। इलाज भी चल रहा था। बडे. बेटे ने इसकी पुष्टि की है। टीआई पटेल के मुताबिक, कर्ज चुकाने को लेकर बैंक से कई बार नोटिस तामील हुए थे। हेमंत उसका जबाव नहीं देता था।

### इंदौर के बांक टाडा क्षेत्र में बदमाश पकड़ाए

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में 24 जनवरी की रात बदमाशों ने एक व्यवसायी के बंगले में घुसकर चोरी का प्रयास किया था। व्यापारी की पत्नी के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना के दौरान सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच करते हुए बांक टांडा क्षेत्र में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी टीआई तारेश सोनी के अनुसार, कनक एवेन्यू में रहने वाले व्यवसायी अनिल जायसवाल के बंगले में तीन से अधिक बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया था। आरोपी पोर्च में घुसने के बाद दरवाजा तोड़ने लगे थे। इसी दौरान अनिल जायसवाल की पत्नी की नींद खुल गई और उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों को देखा। सूचना मिलते ही पुलिस की एफआरवी सबसे पहले मौके पर पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो आरोपी बांक टांडा क्षेत्र के दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार, बांक क्षेत्र की जानकारी रखने वाले विक्रम चौहान की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। गिरफ्तार आरोपियों में फलिया निवासी भदरि सिंह पिता भूरेलाल ग्रेवाल, मालपुरा निवासी ग्राम खनिअंबा टांडा, धावसिंह पिता मंगरसिंह, ध्यान सिंह पिता कमरू शामिल हैं।

### 33 मौतों के बाद थमा एडमिट होने का सिलसिला, अब एक मरीज ही भर्ती

# भागीरथपुरा दूषित पानी की जांच के लिए आयोग गठित

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा दूषित पानी के मामले में 33 लोगों की मौत के बाद अब मरीजों के एडमिट होने का सिलसिला लगभग थम गया है। अब सिर्फ एक 57 वर्षीय महिला ही एडमिट है। वह गंभीर जीबीएस (गुइलेन बैरे सिंड्रोम) से जूझ रही हैं। हालांकि इस मरीज को जीबीएस होने का स्वास्थ्य विभाग खंडन कर चुका है, लेकिन परिजन का कहना है कि महिला इसी बीमारी के कारण ल्ड्ठ्र (ल्ँ ऊिस्त्रील्लीिल्लू८ वल्ल३) में एडमिट है।

दरअसल दूषित पानी के कारण इस महिला की हालत 28 दिसंबर को बिगड़ी थी। इस पर पहले उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। इसके बाद उन्हें 2 जनवरी को दूसरे बड़े हॉस्पिटल में रैफर किया गया। इस तरह करीब डेढ़ माह से उनका इलाज चल रहा है। इस बीच हालत गंभीर होने पर 20 दिन से ज्यादा समय तक वह



आईसीयू, वेंटिलेटर पर भी एडमिट रहीं। परिजन के मुताबिक, अभी उन्हें ठीक होने में समय लगेगा। जीबीएस एक दुर्लभ और गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। इसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपनी ही स्वस्थ तंत्रिकाओं पर हमला करने लगती है। इसका एक कारण गंदे पानी में पनपने वाला कैम्पीलोबैक्टर जेजुनी बैक्टीरिया भी है। बीमारी के तहत हाथ-पैरों में झुनझुनी और सुन्नपन होता है। यह गैस्ट्रोएंटेराइटिस (पेट का इंफेक्शन) देखने में आता है। इसमें मरीज को ठीक होने में समय लगता है। इसमें 70% मरीज स्वस्थ हो पाते हैं।

### जांच के लिए आयोग गठित

- मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट आदेशानुसार, पेयजल प्रदूषण और उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न जनस्वास्थ्य प्रभाव और अन्य क्षेत्रों पर पड़े प्रभावों की जांच के लिए सुशील कुमार गुप्ता (पूर्व जस्टिस, मप्र हाईकोर्ट) की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन किया गया है।
- आयोग द्वारा पेयजल प्रदूषण के कारणों, संबंधित प्रशासनिक लापरवाही, दोषी व्यक्तियों की जिम्मेदारी और उनके विरुद्ध संभावित कार्रवाई, जनहानि, चिकित्सकीय प्रभाव और भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुधारात्मक उपायों की विस्तृत जांच की जाएगी।
- इस संबंध में आयोग द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। इसमें भागीरथपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रभावित नागरिकों, उनके परिजनों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, अस्पतालों, सामाजिक संगठनों, ठेकेदारों, शासकीय अधिकारियों अथवा किसी भी ऐसे व्यक्ति से अपील की गई है, जिसके पास इस प्रकरण से संबंधित जानकारी, दस्तावेज या साक्ष्य उपलब्ध हों।

### साक्ष्यों के रूप में ये दस्तावेज, विजुअल्स करें पेश

आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकने वाले साक्ष्यों में पेयजल प्रदूषण से संबंधित शिकायतें या आवेदन, चिकित्सकीय अभिलेख, अस्पताल में भर्ती पर्चियां, डिस्चार्ज समरी, मृत्यु प्रमाण पत्र, जल पाइपलाइन में रिसाव या सीवरेज मिश्रण से संबंधित फोटो/वीडियो, जल आपूर्ति से जुड़े टेंडर दस्तावेज, काम आदेश, निरीक्षण रिपोर्ट या जांच के लिए प्रासंगिक कोई अन्य अभिलेख शामिल हैं। समस्त संबंधित व्यक्ति अपने लिखित अभ्यावेदन और साक्ष्य व्यक्तिगत रूप से आयोग कार्यालय स्कीम 140, आरसीएम-10, प्रथम मंजिल, आनंद वन, स्कीम नंबर 140, इंदौर में 28 फरवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नई उड़ान:एयरपोर्ट : एक और नया टर्मिनल बनेगा

# यात्री क्षमता 40 लाख से बढ़कर 1 करोड़ सालाना होगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट पर एक और नया टर्मिनल बनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। वर्तमान टर्मिनल बिल्डिंग के पास (वीआईपी पार्किंग वाले हिस्से में) नया टर्मिनल बनेगा। ओल्ड एटीसी टॉवर व ओल्ड फायर स्टेशन को भी तोड़ा जाएगा। यहां एप्रन एरिया बनेगा। वर्तमान पार्किंग को बिजासन रोड के पास नई जमीन पर शिफ्ट करेंगे।

एक और टर्मिनल बनने से फायदा यह होगा कि अभी हर साल 40 लाख यात्री इंदौर एयरपोर्ट से सफर करते हैं।

नए टर्मिनल के बाद यह संख्या बढ़कर एक करोड़ यात्री तक पहुंच जाएगी। नए टर्मिनल के बाद फ्लाइट संख्या भी दोगुना से ज्यादा हो जाएगी। नए टर्मिनल को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। करीब 82 हजार वर्ग मीटर में नया टर्मिनल बनाया जाएगा। इसकी



लागत करीब 492 करोड़ रुपए आएगी। अगले छह महीनों में इसके टेंडर होने की संभावनाएं हैं। काम शुरू होने के बाद दो साल के अंदर इसे पूरा करने का लक्ष्य है। वर्तमान टर्मिनल बिल्डिंग के साथ ही ओल्ड टर्मिनल बिल्डिंग (टी-1) से भी जल्द एयरपोर्ट प्रबंधन फ्लाइट का संचालन शुरू करने की तैयारी कर रहा है। 6 हजार वर्ग मीटर में ओल्ड टर्मिनल बिल्डिंग में डेढ़ साल से काम चल रहा है। पहले नवंबर-2025 तक टी-1 से फ्लाइट का संचालन शुरू करना था। हालांकि काम में देरी की वजह से अब अप्रैल तक यहां से फ्लाइट शुरू होंगी। सभी 18 एटीआर विमान ओल्ड टर्मिनल बिल्डिंग से चलाए जाएंगे।

वर्तमान टर्मिनल बिल्डिंग से 1350 यात्री प्रति घंटे सफर कर रहे हैं। ओल्ड टर्मिनल बिल्डिंग टी-1 शुरू होने के बाद यह क्षमता करीब 2500 यात्री प्रति घंटे की हो जाएगी। एक और टर्मिनल (ओल्ड एटीसी टॉवर के पास) नया टर्मिनल बनने से यह क्षमता 6 हजार यात्री प्रति घंटे तक पहुंच जाएगी।

एयरपोर्ट के एक अधिकारी के अनुसार नया टर्मिनल बनने के बाद 1 करोड़ यात्री हर साल सफर कर सकेंगे। अभी 40 लाख यात्री हर साल सफर कर रहे हैं। फ्लाइट की संख्या भी दोगुना से ज्यादा तक हो जाएगी। इंदौर एयरपोर्ट से फिलहाल 80 से ज्यादा फ्लाइट का संचालन हो रहा है। औसत 12 हजार यात्री हर दिन सफर कर रहे हैं। 2028 में सिंहस्थ है। देश-विदेश से लोग इंदौर होकर उज्जैन जाएंगे। ऐसे में हमने एएआई से कहा है कि जल्द इसका काम शुरू कर सिंहस्थ के पहले तैयार कर दे। छह महीने में इसके टेंडर होने की संभावनाएं हैं। इससे नए रूट पर फ्लाइट का संचालन शुरू हो सकेगा। एक करोड़ यात्री सालाना सफर कर सकें, इतनी यात्री क्षमता बढ़ जाएगी।

# 18 मीटर चौड़ी सड़क पर खर्च किए जाएंगे 20 करोड़

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

चंदन नगर से कालानी नगर तक बनने वाली 18 मीटर चौड़ी नई सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने के प्रस्ताव पर राज्य शासन ने मंजूरी दे दी है। भोपाल में फाइल पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। अब केवल गजट नोटिफिकेशन जारी होना बाकी है। माना जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। नगर निगम चार महीने पहले ही इस सड़क के लिए टेंडर जारी कर वर्कऑर्डर दे चुका है। इस सड़क पर 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। घने बसाहट वाले चंदन नगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम द्वारा पहले ही शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। बैठक में भोपाल से जानकारी मिली कि प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। यह सड़क पश्चिमी रिंग रोड के वैकल्पिक मार्ग के रूप में महत्वपूर्ण है। एयरपोर्ट रोड स्थित कालानी नगर चौराहे से धार रोड के चंदन नगर चौराहे तक यह सड़क अलग-अलग हिस्सों में बनाई जाएगी। नंदन नगर और नगीन नगर के पास करीब 800 मीटर हिस्से को मास्टर प्लान में शामिल करने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया था। सड़क निर्माण की जद में 200 से अधिक बाधक आएंगे, जिन्हें हटाने के बाद काम शुरू किया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शासन से मंजूरी मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। यह सड़क मास्टर प्लान की अन्य सड़कों में हुई बचत की राशि से बनाई जा रही है।

# मनीषपुरी-रिंग रोड पर 30 से ज्यादा बिजली के खंभे नहीं हटा सका निगम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मनीषपुरी-रिंग रोड के बीच सड़क पर 30 से ज्यादा बिजली के खंभे नगर निगम आज तक नहीं हटा सका है। सड़क का अधिकांश हिस्सा तैयार हो चुका है, लेकिन बिजली के खंभे नहीं हटने से सड़क पूरी तरह चालू नहीं हो सकी है।

सोमवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने यहां का जायजा लिया। महापौर ने बिजली कंपनी और निगम अधिकारियों को तत्काल खंभे शिफ्ट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि सड़क के एक हिस्से में दो परिवारों से 5 से 8 फीट अतिरिक्त जमीन की आवश्यकता है। एक ओर एक व्यक्ति ने शेड बना रखा है,



जिससे काम अटका हुआ है। मौके पर मौजूद परिवारों से चर्चा की गई। रहवासियों ने कहा कि वे पहले ही अपनी जमीन दे चुके हैं और दोबारा कितनी जमीन चाहिए, यह स्पष्ट किया जाए। मुआवजे के सवाल पर अधिकारियों ने बताया कि नियम अनुसार केवल एफएआर का लाभ दिया जा सकता है, नकद मुआवजे का प्रावधान नहीं है। गौरतलब है कि यह सड़क वर्ष 2022 से प्रस्तावित है। करीब तीन साल बाद अब इसका अधिकांश काम पूरा हो चुका है। हालांकि बिजली के खंभों की शिफ्टिंग और कुछ छिटपुट काम शेष हैं। अधिकारियों ने बताया कि सड़क का अलाइनमेंट विवाद कई साल पुराना है।

महापौर सुबह साकेत नगर क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्य देखने पहुंचे। महापौर ने साकेत के समीप स्थित शासकीय खदान भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि भूमि निगम स्वामित्व की है तो इसके लिए डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाए, ताकि भविष्य में क्षेत्रीय सुविधाओं के विस्तार में इसका उपयोग किया जा सके।

### 370 मीटर लंबी और 18 मीटर चौड़ी रोड बनेगी

महापौर ने श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल से महावीर बाग पानी की टंकी तक बन रही सड़क परियोजना भी देखी। करीब 2.27 करोड़ की लागत से बन रही यह सड़क 370 मीटर लंबी और 18 मीटर चौड़ी होगी। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने बताया कि मार्ग में निगम की पानी की टंकी और एक सुविधाघर भी सड़क की जद में आ रहे हैं। इस पर तय हुआ कि उपलब्ध जगह के अनुसार सड़क बनाई जाएगी और सुविधाघर हटाया जाएगा। महापौर ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी है, इसलिए गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाए।

## खबर एक नजर...

### फेरीवालों के समर्थन में आए विधायक महेश परमार

**उज्जैन।** शहर में फेरीवालों और स्ट्रीट वेंडर्स पर हो रही कार्रवाई के विरोध में नेशनल हॉकर फेडरेशन के बैनर तले चल रहे धरने को अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। धरने पर पहुंचे विधायक महेश परमार ने फेरीवालों की समस्याओं को सुना और मौके से ही प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की। फेडरेशन के जिला संयोजक अर्जुन कहार ने बताया कि धरने के दौरान महेश परमार ने टीआई और निगम कमिश्नर से फोन पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फिलहाल 2-3 दिन तक गरीबों पर कोई कार्रवाई न करें। हम बैठकर बातचीत करेंगे और प्रशासन व फेरीवालों के हित में कोई बीच का रास्ता निकालेंगे, जिससे किसी का रोजगार न छिने। फेडरेशन का आरोप है कि उज्जैन में स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 और 2016 के नियमों का उल्लंघन कर बेदखली की जा रही है। बिना पुनर्वास और सर्वे के वेंडर्स को हटाया जाना गैर-कानूनी है। संगठन ने मांग की है कि जब्ती और उत्पीड़न तुरंत रोका जाए और वेंडिंग जोन बनाकर उन्हें व्यवस्थित किया जाए।

### सर्व कल्याण बजरंग दल का विस्तार, दायित्व सौंपे

**उज्जैन।** सर्व कल्याण बजरंग दल के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम के नेतृत्व में मध्य प्रदेश और देश भर में चल रहे संगठन विस्तार अभियान के तहत उज्जैन जिला और संभाग में नई नियुक्तियां की गई हैं। संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ऊर्जावान कार्यकताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार झांझोट, राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह चौहान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रतीक निगम, राष्ट्रीय मंत्री योगेश जाट, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कमल सिंह दरबार और राष्ट्रीय सह सचिव राहुल जाट की अनुशंसा पर प्रवीण जाट को उज्जैन संभाग संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में नरवर ग्रामीण इकाई का भी गठन किया गया है। इसमें देवानंद जाट को नरवर ग्रामीण अध्यक्ष, राजेंद्र जाट को नरवर ग्राम सचिव और वंश जाट को नरवर इकाई में दायित्व सौंपा गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश युवा अध्यक्ष देवराम जाट, गौरक्षा प्रदेश अध्यक्ष विशाल नागर, संभाग उपाध्यक्ष जयंत चूरिया, जिला उपाध्यक्ष राहुल चावड़ा, महानगर मंत्री लोकेंद्र परमार, गोवर्धन आर्य और महिला परिषद की जिला उपाध्यक्ष मंजू सोनी ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




# शिखर पर लहराई धर्म ध्वजा, शाम को दीपो से सजा देरासर

### आचार्य विजय रत्नकीर्ति सूरी कि निश्रा में शीतलनाथ मंदिर में हुआ ध्वजारोहण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस कंट्रोल रूम के सामने स्थित श्री शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर की प्रतिष्ठा के 38 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार सुबह 10 बजे मंदिर शिखर पर आचार्य विजयरत्नकीर्ति सूरी जी मसा की निश्रा में अहमदाबाद से आयी नई ध्वजा अर्पित की गयी। ओम पुण्याहं, पुण्याहं के उच्चारण के साथ समारोह पूर्वक नई ध्वजा मंदिर के मुख्य शिखर पर लहराई गई।

इस अवसर पर प्रभु कि फेंसी डायमंड आभूषण से दिव्य अंगरचना की गयी एवं संध्या में पुरे मंदिर परिसर कि दीपो से भव्य सजावट कि गयी।उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में ध्वजा रोहण धर्म की विजय, तीर्थंकरों के प्रति श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। यह पवित्रता, सकारात्मक ऊर्जा और पुण्य लाभ प्रदान करने वाला होता है। मंदिर निर्माणकर्ता लाभार्थी परिवार कि रीटा बेन




शाह ने बताया कि 1988 में स्थापित इस मंदिर की 39वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। ध्वजा के कायमी लाभार्थी अहमदाबाद के सेठ त्रिकमलाल अमृतलाल शाह परिवार हैं। मंदिर पर प्रतिवर्ष विधि-विधानपूर्वक ध्वजा अर्पण एवं प्रभावना वितरण की परंपरा निभाई जाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुदामा जैन समाज जन उपस्थित रहे।

# राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने किए महाकाल दर्शन, उज्जैन में हुआ भव्य स्वागत

### उज्जैन सहित पूरे एमपी में मिला भरपूर प्यार और सम्मानः डॉ. किरोड़ीलाल मीणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



राजस्थान सरकार के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के उज्जैन आगमन पर मीणा समाज द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान मंत्री डॉ. मीणा ने समाज के लोगों के उत्साह और प्रेम से अभिभूत होकर कहा कि उज्जैन सहित समूचे मध्यप्रदेश में उन्हें सामाजिक बंधुओं की ओर से भरपूर प्यार और सम्मान मिला है। उन्होंने एमपी में समाज की समृद्धि और जागरूकता की भी सराहना की।

स्वागत समारोह का आयोजन इंदिरा नगर स्थित बारवाल निवास पर किया गया। कार्यक्रम में मीणा समाज के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा के नेतृत्व में समाज के गणमान्य नागरिकों ने मंत्री डॉ. मीणा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा, इंदौर जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा और उज्जैन जिलाध्यक्ष योगेश मीणा ने राजस्थानी परंपरा का निर्वहन करते हुए मंत्री श्री मीणा को साफा बांधकर सम्मानित किया। साथ ही, स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान महाकाल की तस्वीर भेंट की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी मंत्री जी का स्वागत किया।

राजस्थान से मध्यप्रदेश के दौरे पर आए डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भोपाल से सीधे उज्जैन पहुंचे। यहाँ उन्होंने सर्वप्रथम विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। दर्शन के दौरान भी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उनके साथ उपस्थित रहे।

समारोह में प्रमुख रूप से समाजसेवी प्रकाश मीणा, आनंद देशवाली, अजय बारवाल, क्षेत्रीय पार्षद दिलीप परमार, युवा संगठन के प्रदेश महामंत्री संतोष मीणा (इंदौर), रमेशचन्द्र धनावत, शेषराम मीणा, कोमलसिंह मीणा, राजेश मीणा, सतीश मीणा, आशु मीणा, शुभम मीणा, संदीप मीणा, बालमुकुंद मीणा, सतीश चांदा, संजय मीणा चक, पंकज चांदा, संजय बारवाल सहित बड़ी संख्या में उज्जैन एवं आसपास के स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

### गुरु रविदास जयंती पखवाड़े पर चल समारोह और कलश यात्रा का आयोजन

**महिदपुर ।** विधानसभा क्षेत्र महिदपुर के समस्त रविदास समाज द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जन्मजयंती पखवाड़े को हासौल्लास के साथ मनाते हुवे ऐतिहासिक विशाल चल समारोह ओर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार प्रातः 10 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविदास समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में एकत्रित हुवे । तत्पश्चात विशाल चल समारोह ओर कलश यात्रा को प्रारंभ किया गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकला । संपूर्ण नगर में जनप्रतिनिधियों के साथ संपूर्ण नगर वासियों ने चल समारोह का जगह जगह मंच बनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री घोड़ा पछाड़ मंदिर समिति ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह में पधारे अतिथियों का स्वागत किया। चल समारोह पुराने बस स्टैंड पर पहुंचा जहां मंच पर सभा का आयोजन किया गया । मंच पर निर्गुणी एवं लोकपरम्परागत आकाशवाणी समूह उज्जैन द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई । मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर सत्यनारायण जटिया उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा बाई शिवनारायण सूर्यवंशी ने की विशेष अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना रहे मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्प माला पहना कर ओर साफा बांध कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की छवि पर पुष्प माला पहनाकर की गई ।

# विजयरत्न कीर्ति सूरीश्वरजी मसा. का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

### उमड़ा जनसैलाब, दी नवीन उपाश्रय निर्माण की प्रेरणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज के तत्वावधान में आचार्य पदवी ग्रहण करने के उपरांत प.पू. आचार्य श्री विजयरत्नकीर्तिसूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा का प्रथम बार फ्रीगंज संघ में भव्य आगमन हुआ। मालवा की शान और आचार्य भगवंत श्रीमद् विजयनेमीसूरीश्वरजी समुदाय के



आचार्य श्री का बैंड-बाजों और धर्म ध्वजा के साथ ऐतिहासिक स्वागत (सामैया) किया गया।

श्रीसंघ अध्यक्ष एडवोकेट संजय नाहर ने बताया कि गुरुदेव ने वर्ष 2016 में ऐतिहासिक चातुर्मास श्री सिद्धचक्र केसरियानाथ तीर्थ (खाराकुआ) पर किया था। उनके ओजस्वी प्रवचनों का लाभ अब उज्जैन के समस्त श्रीसंघों को प्राप्त हो रहा है। सोमवार को प्रातः 8:30 बजे आचार्य श्री की शोभायात्रा सांसारिक मातृश्री श्रीमती पुष्पाबेन मेहता के निवास स्थान (दुर्गा प्लाजा, फ्रीगंज) से प्रारंभ हुई। इसमें नवरत्न महिला मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल और उज्जैन के अधिकांश श्रीसंघों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जुलूस तपागच्छ उपाश्रय (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) पहुंचा, जहां धर्मसभा आयोजित हुई। यहाँ आचार्य श्री के प्रवचनों का लाभ श्रीसंघ को मिला और श्रीफल की प्रभावना हुई। साथ ही गुरुदेव ने श्री शीतलनाथ दादा की वार्षिक ध्वजा में भी अपनी निश्रा प्रदान की। गुरुदेव ने श्रीसंघ की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए बताया कि श्रीसंघ नवीन उपाश्रय निर्माण हेतु प्रयत्नशील है। उन्होंने अतिशीघ्र निर्माण कार्य के लिए सभी समाजजनों को जुड़ने हेतु प्रेरित किया। गुरुदेव के प्रवेश और कार्यक्रम में तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज से रमेश जैन, प्रकाशचन्द्र फागनिया, ओम जैन, सोभागमल संचेती, सम्पत गांधी, सुभाष जैन, सिद्धार्थ शाह, कुशल कोठारी, चिराग बांठिया, शैलेन्द्र जैन, विशल हरणिया, दिनेश जैन, दिलीप दुग्गड़, पंकज जैन, हर्ष जैन, यतीश बोहरा, ऋषभदेव छगनीरामजी की पेढ़ी से जयंतिलालजी जैन, अवंतिपार्श्वनाथ ट्रस्ट से अशोक कोठारी, सुभाषनगर संघ से जयंतिलाल फाफरिया, नयापुरा मंदिर से आयुष गिरिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### भारतीय सेना में ट्रेनिंग पूरी कर ग्रह गांव पहुचने पर फौजी का हुआ सम्मान

**पिपलिया मंडी।** काचरिया चन्द्रावत के पूर्व सरपंच श्यामलाल लकुम के सुपुत्र आकाश लकुम के भारतीय सेना में ट्रेनिंग पूरी कर ग्रह गांव पहुचने पर पूर्व सरपंच श्री लकुम ने अपने अपने पुत्र के सम्मान में विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें स्थानीय पत्रकारों एवं कांग्रेसनेता पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,बोतलगंज मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, अनिल मुलासिया किशोर उनियारा सहित बड़ी संख्या में स्नेहीजनो ने प्रतिष्ठान पर पहुंच कर उक्त फौजी का पुष्पमाला, शाल ओढ़ाकर शुभकामनाएं प्रेषित की इससे पूर्व पिपलिया मंडी फौजी का नगर भव्य जुलूस निकाला गया। जगह जगह विभिन्न प्रतिष्ठान पर पुष्प वर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

### मल्हारगढ़ रोजगार मेले में 84 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी मल्हारगढ़, जिला परियोजना अधिकारी अनिल कुमार मरावी तथा डीएम फौजिया करीम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। रोजगार मेले में कुल 163 युवाओं ने पंजीयन कराया। मेले में गैल इंस्टीट्यूट गुना, कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड गुजरात, एस.आई.एस. आरटीए नीमच, आरसेटी मंदसौर तथा आर.एस. सिक्योरिटी चित्तौड़गढ़ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के उपरांत 84 युवाओं का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। मंदसौर विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जनपद पंचायत परिसर, मंदसौर में किया जाएगा।

# चतुर्थ दिवस भगवान श्री महाकालेश्वर ने श्री घटाटोप स्वरुप धारण कर भक्तों को दिये दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि का उत्सव बड़ी धूम-धाम व उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दौरान भगवान श्री महाकालेश्वर 14 फरवरी 2026 तक अलग-अलग नौ स्वरुपों एवं श्रृंगारों में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित कोटितीर्थ के तट पर प्रातः 08 बजे से श्री गणेश पूजन व श्री कोटेश्वर महादेव भगवान का पूजन-अभिषेक-आरती के साथ शिव नवरात्रि महोत्सव के चतुर्थ दिवस का प्रारम्भ हुआ। श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी श्री घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राम्हणों द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान जी का अभिषेक एकादश-एकादशनी रूद्रपाठ से किया गया । पूजन का यह क्रम 14 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन चलेगा । अपराह्न में 3 बजे सांध्य पंचामृत पूजन के पश्चात श्री महाकालेश्वर भगवान ने निराकार से साकार रूप धारण किया। शिव नवरात्रि के चतुर्थ दिवस संध्या पूजन के पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर जी ने श्री घटाटोप स्वरुप धारण कर भक्तों को दर्शन दिये । भगवान श्री महाकालेश्वर जी को नवीन वस्त्र के साथ मेखला, दुप्पटा, मुकुट, मुंड-माला, छत्र आदि से सुसज्जित कर श्रृंगार किया गया। साथ ही भगवान श्री महाकालेश्वर को नागकुंडल एवं फलों की माला में दर्शन दिए। 06 फरवरी 2026 से डॉ. अजय अपामार्जने की नौ दिवसीय कथा का प्रारंभ हुआ है । कीर्तन प्रतिदिन सायं 05 से 06 बजे तक मन्दिर परिसर मे नवग्रह मन्दिर के पास संगमरमर के चबूतरे पर हो रहा है । हरिकीर्तन के चौथे दिन डॉ. अपामर्जने ने भगवान महाकाल के भक्त नभगमुनी और भक्त नाभाग की कथा को आगे का वर्णन किया उसके पश्चात भगवान भोलेनाथ जी के भजन सुनाये तथा संत तुलसीदास जी के भजन सुनाकर सच्चे भक्त और भक्ती का स्वरुप बताया।

# कायथा कॉलेज में अल्पावधि रोजागारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय महाविद्यालय कायथा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल, सही प्रारूप में सी.वी. बनाने का प्रशिक्षण, स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड रीजनिंग, डेटा इंटरप्रिटेशन, मैथेमेटिकल एप्टिट्यूड, सम्प्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह में कार्य करना, समूह चर्चा एवं मॉक साक्षात्कार हेतु श्रीजी तकनीक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र उज्जैन द्वारा एक महीने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सम्मिलित हुए। स्वागत के पश्चात डॉ. पुराणिक ने अपने विशिष्ट उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास और उद्यमिता की चर्चा की तथा कायथा के प्राचीन इतिहास और इसमें कायथा पात्र परम्परा तथा वराहमिहिर के योगदान का वर्णन किया। अतिथियों ने कहा कि छात्रों को अपना ज्ञान अद्यतन करते रहना चाहिए। वर्तमान में शासन ने सॉफ्ट स्किल, स्वरोजगार और स्टार्टअप के अनेक साधनों को हमारे सम्मुख प्रस्तुत किया जिससे रोजगार के अनेक द्वार खुल चुके हैं। इस अवसर का लाभ वर्तमान पीढ़ी को उठाना चाहिए। ▪

# श्री अलखमैहर धाम में 15 से 19 फरवरी तक मनेगा महाशिवरात्रि उत्सव

### ब्रह्मचारी दिलीप का होगा दीक्षांत समारोह, सजेगा संतों का दरबार

### संत समागम को लेकर सिंधी समाज की हुई बैठक

### श्री अलखमैहर धाम में 15 फरवरी से शुरू होगा चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री अलखमैहर धाम उदासीन आश्रम में आगामी महाशिवरात्रि पर्व और दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। इसी संदर्भ में आश्रम के महंत स्वामी आत्मादास जी के नेतृत्व में सिंधी समाज के प्रबुद्ध जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। महंत स्वामी आत्मादास जी ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आश्रम में 15 फरवरी से 19 फरवरी तक भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान हसंत समागमह होगा जिसमें दूर-दराज से साधु-संत पधारेंगे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ब्रह्मचारी दिलीप जी का दीक्षांत समारोह होगा। उन्हें उदासीन संप्रदाय की मर्यादा के अनुसार, विधिवत रूप से हउदासीन भेषह की दीक्षा प्रदान की जाएगी।

आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में आश्रम के महंत अमोलकदास जी, मोनी बाबा अमरदास जी, रामदास जी, दिलीप जी एवं अन्य पूज्य संत विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सिंधी समाज के प्रमुख लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें मुख्य रूप से राजकुमार परसवानी, दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, डॉ. जितेंद्र जेठवानी, नरेंद्र सबनानी, जेठानंद जयसिंघानी, महेश चांदवानी, रतनलाल जी, दीपक सामतानी, चंद्रीराम जेठवानी, सेवकराम देवनानी, श्रीकांत माखीजानी, पुरुषोत्तम रायसिंघानी, लालचंद धनवानी, विनोद लुल्ला, मनोहर गोप्लानी, किशन खुशालानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं को वाटर प्लांट का भ्रमण कराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय प्राथमिक विद्यालय नयापुरा के छात्र-छात्राओं को वाटर प्लांट का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को जल शुद्धिकरण प्रक्रिया और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देना था। वाटर प्लांट साइट इंचार्ज राहुल पटेल, साइट सुपरवाइजर युवराज पवार, फीटर धर्मेंद्र यादव ने बच्चों को जल शुद्धिकरण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की जानकारी दी और प्लांट ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कार्तिक प्रजापति, प्लांट ऑपरेटर दीपक धाकड़ ने प्लांट का दौरा करवाया। बच्चों ने इस भ्रमण के दौरान बहुत कुछ सीखा और अपने अनुभव को बहुत रोमांचक बताया। विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापक जितेंद्र मंगलोरिया ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों को वास्तविक जीवन की स्थितियों के बारे में जानने का अवसर मिलता है और वे अपने ज्ञान को बढ़ा सकते हैं।

### रेलवे स्टेशन के बाहर सुलभ कंपलेक्स पर यात्रियों से पेशाब करने के पैसे वसूले जा रहे

# महाकाल दर्शन के लिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की हो रही फजीहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रेलवे स्टेशन के बाहर जो सुलभ कंपलेक्स बने हैं उनके संचालक बाहर से आने वाले यात्रियों से पेशाब करने के 10 रूपए वसूल रहे हैं इसकी शिकायत लगातार यात्रियों द्वारा की जा रही है। बाहर के यात्री इस तरह की वसूली से काफी परेशान है लेकिन सुलभ कंपलेक्स वालों की मनमानी पर कोई लगाम नहीं लगाई गई है। इस कारण सुलभ कंपलेक्स संचालक की मनमानी जारी है और बाहर के श्रद्धालु उनकी वसूली से परेशान है।

महाकाल लोक बनने के बाद बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन उज्जैन आने के बाद श्रद्धालुओं को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उसकी और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के बाहर जो सुलभ कंपलेक्स बनाए गए हैं। उन पर यात्रियों से पेशाब करने के भी पैसे लिए जा रहे हैं। जब भी कोई यात्री ट्रेन से उतरने के बाद रेलवे स्टेशन के बाहर आता है और सुलभ कंपलेक्स में पेशाब करने जाता है तो उससे सुलभ कंपलेक्स संचालक द्वारा पेशाब करने के 10 रूपए वसूले जा रहे हैं इस तरह की शिकायत लगातार बाहर के यात्रियों द्वारा की जा रही है।

महाराष्ट्र के पुणे में रहने वाले राकेश कोली उज्जैन महाकाल दर्शन करने आए थे। जब वह वापस घर जाने के लिए उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे इस दौरान वह रेलवे स्टेशन के बाहर बने सुलभ कांप्लेक्स में पेशाब करने पहुंचे जहां उनसे सुलभ कांप्लेक्स पर पेशाब करने के लिए 10 रूपए की मांग की। राकेश ने कहा कि इसके तो कहीं भी पैसे नहीं लगते फिर उनसे पैसे क्यों मांगे जा रहे हैं ? इस पर सुलभ कांप्लेक्स वाले ने गोलमोल जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ दिया। राकेश का कहना था कि पेशाब करने के पैसे किसी भी सुलभ कांप्लेक्स पर नहीं लगते हैं।

### उज्जैन में नई फिल्म 'संस्कार' का धमाकेदार मुहूर्त

# भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ और महामंत्री राकेश यादव ने किया उद्घाटन, शूटिंग जल्द उज्जैन में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री आर बी फिल्म्स प्रोडक्शन के नए ऑफिस का उद्घाटन और आगामी फिल्म 'संस्कार' का मुहूर्त बेहद उत्साहपूर्ण तरीके से हुआ। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ और जिला महामंत्री राकेश यादव ने अपने कर-कमलों से रिबन काटकर और पूजन कर इसकी शुरूआत की। फिल्म के प्रोड्यूसर व मुख्य अभिनेता राजेंद्र सिंह राजपूत और निर्देशक विजय श्रीवास्तव ने बताया कि शूटिंग शीघ्र ही उज्जैन जिले में शुरू होगी। मुहूर्त समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि और समाज के लोग मौजूद रहे। इसमें सिद्धार्थ सिंह सिसोदिया, चंद्र मोहन श्रीवास्तव, प्रकाश पाटीदार, मम्मू लाला पठान, नीरज मालवीय, केशव सिंह पंवार, अश्विन जी, राजकुमारी बैरागी, अंकिता तिवारी, पूजा मालवीय, मोनू यादव, भज्जा भाई, फिरोज खान, ओमप्रकाश मीणा और आरती सिंह राठौड़ सहित कई प्रमुख चेहरे शामिल हुए। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक स्वागत के साथ जोश का माहौल रहा।

## खबर एक नजर...


### वैज्ञानिक तरीके से नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा देना उद्देश्य:शाक्या

**सारंगपुर।** विभिन्ना साझेदारों के सहयोगात्मक दृष्टिकोण से वैज्ञानिक दुग्ध विकास गतिविधियों और संसाधन उपयोग दक्षता को बढावा देकर दुग्ध उद्योग में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादन में अनेक तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से किसानों की आजीविका में सुधार लाने के प्रयास शासन-प्रशासन द्वारा सतत रुप से किए जा रहे है। वैज्ञानिक पशुपालन, नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए हमारे अमले को मुस्तैदी के साथ किसान एवं पशु पालकों को इससे जोड़ना होगा, यह हमारी जिम्मेदारी है। यह निर्देश क्षीर धारा ग्राम योजना अंतर्गत विकासखंड सारंगपुर के चयनित गांवों में काम करने के लिए पशुपालन विभाग के मैदानी अमले को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए सारंगपुर पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अमित शाक्य ने दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य चयनित गांवों को आगामी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरणबद्ध तरीके से माडल गांव के रूप में विकसित करना है।

# एसडीएम, एसडीओपी ने डीजे मालिकों की बैठक लेकर बताए नियम, दी समझाइश

## डीजे का नहीं सुनाई देगा शोर, रात में चैन से सो सकेंगे लोग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर**



डीजे के शोर-शराबा से जन-जीवन त्रस्त हो चला था, हृदय रोग से परेशान लोग तो डीजे के गुजरते ही कुड़कुड़ाने लगते थे। ध्वनि प्रदूषण की मार झेल रहे कई लोगों ने समय समय पर इसकी शिकायत भी आला अधिकारियों से की, लेकिन संतोष जनक परिणाम सामने न आने से लोग की नाराजगी बरकरार बनी हुई थी। स्थानीय प्रशासन ने सख्ती के साथ इस मामले में संज्ञान लिया है और डीजे मालिकों की बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बैठक लेते हुए उन्हें आवश्यक नियमों की जानकारी दी। एसडीएम बम्हौरे ने शासन और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किए गए निदेर्शों का पालन करने की हिदायत भी दी। श्री बम्हौरे ने कहा कि नियम विरूद्ध कार्य करने वाले डीजे संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीजे मालिकों ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने अपने रोजगार पर गिरने वाली गाज को लेकर चिंता जाहिर की। एसडीएम बम्हौरे ने कहा कि रात्री 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिना अनुमति के कोई वाद्य यंत्र सार्वजनिक स्थान पर बजाना गैर कानूनी है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी कार्यक्रम में दो से ज्यादा म्यूजिक बाक्स की अनुमति ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि बिना एसडीएम की अनुमति के किसी भी निजी या सार्वजनिक कार्यक्रम में अत्यधिक तेज आवाज में म्यूजिक बाक्स बजाना गैर कानूनी है। हिदायत देते हुए बम्हौरे ने कहा कि जब भी किसी सार्वजनिक स्थान पर रैली, धार्मिक कार्यक्रम, चल समारोह में म्यूजिक बाक्स की आवश्यकता हो तो एसडीएम से अनुमति लेकर उसकी एक प्रति अपने पास सुरक्षति रखें। डीजे मालिक अपने डीजे के वाहन पर लगे म्यूजिक बाक्स के ऊपर खड़े होकर नाचने या उछल-कूंद करने की अनुमति न दें, ऐसा करते पाए जाने पर डीजे मालिक के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि डीजे मालिकों को चाहिए कि वह अपने वाहन का बीमा, रजिस्ट्रेशन और ड्राईबिंग लायसेंस आदि दस्तावेज तैयार रखें। गैर दस्तावेजों के चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई होगी। डीजे संचालकों के कड़ाई से नियमों का पालन करने की हिदायत देते हुए उन्होंने बताया कि वे किसी भी नियम का उलंघन करते पाए गए तो डीजे और वाहन जप्त तक किया जा सकता है और जुमार्ना हो सकता है।

एसडीएम रोहित बम्हौरे ने कहा कि किसी प्रकार के विवादों से बचने के लिए डीजे मालिकों और चालकों में भी संवेदनाओं का होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि मालिकों को चाहिए कि संवेदनाओं को ध्यान रखकर डीजे को स्वतः बंद कर लें।

# नन्हे बच्चों ने प्रदर्शनी के जरिए जाना इसरो का पराक्रम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर**

स्थानीय अभिनंदन नगर स्थित विबोध प्रीस्कूल में चअंतरिक्ष कार्निवलज ने बच्चों और अभिभावकों को ब्रह्मांड की अद्भुत दुनिया से रूबरू कराया। इस अनूठे आयोजन में इसरो के विभिन्न अभियानों और देश के अंतरिक्ष प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी लगाकर नई पीढ़ी को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और अंतरिक्ष पर केंद्रित समूह गीतों के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सीए विकास भंडारी ने विबोध प्रीस्कूल के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि 2047 के विकसित भारत के लिए बच्चों में एस्ट्रोनॉट और मिसाइलमेन बनने का जज्बा पैदा करना जरूरी है। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघैल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि जब बच्चे प्रत्यक्ष रूप से ऐसी चीजों को देखते हैं, तो उनमें जिज्ञासा और सीखने की ललक बढ़ती है। खेल प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नवाचारों के लिए संस्था की प्रिंसिपल डॉ. श्रुति बटवाल को मालवा रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय शंकर मिश्र, प्रेस क्लब संरक्षक ब्रजेश जोशी, जगदीशचंद्र शर्मा, डॉ. रवीन्द्र पाण्डेय, अजीजुल्लाह खालिद,गोपाल गुरु रूपल संचेती आदि उपस्थित थे। संचालन विबोध प्रीस्कूल संस्थापक डॉ घनश्याम बटवाल ने किया।

# शिकायतों का समाधान करने की बजाय दूसरे विभागों को भेज रहे शिकायतें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ खाचरौद**

नगर में महत्वपूर्ण समस्या यह है कि लक्ष्मीबाईमार्ग, फव्वारा चौक, गणेशदेवली पर घरों एंव दुकानों में वर्षा का पानी घुस रहा है जिससे लाखो रुपए का नुक्सान नागरीको को हो रहा है। मामला यह जवाहर मार्ग पर वर्षो पुराना नाला बना हुआ है नाले के आसपास शासकीय भुमि 60 फीट से 80 फीट है अब ये नाला मात्र 8 फीट का रह गया है जिसके कारण बारिश के पानी ने अपना बहाव लक्ष्मीबाईमार्ग की ओर मोड़ लिया जिसके कारण गणेश देवली एंव जवाहरमार्ग पर तेज बारीश में बरसात का पानी कमर तक हो जाता है और पानी घरो व दुकानों में घुस जाता है जिसके कारण लाखो का नुक्सान हो रहा है।

वर्षा थमने के बाद अधिकारी जनप्रतिनिधि भ्रमण करने आ जाते है राजस्व पटवारी आंकलन कर पंचनामा बनाते रहते है। ताकि नागरीको को लगे कि शासन की ओर से मुआवजा राशि आयेगी। नागरीको का ध्यान भटकाने के लिये शासन की ओर से हलचल बनी रहती है। लेकिन मुल समस्या का समाधान कोई करने को तैयार नही है। पानी रूकने का एक कारण यह भी है कि उज्जैन दरवाजा से स्टेशन तक यह आरसीसी की सड़क तत्कालीन सांसद प्रेमचंद गुडडु द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से बनवाई गई है। जब सड़क का निर्माण हो रहा था तब भी नागरिकों द्वारा आपत्ती ली गई थी कि सड़क को खोद कर नही बनाया जा रहा है। डामर रोड़ के उपर ही सीसीरोड़ बना दी गई। जिससे सड़क की ऊंचाई ओर बढ़ गईं। अब इस समस्या को हल करने के लिये नगरपालिका परिषद ने गणेशदेवली से अनंतनारायण चौराहा तक सड़क को नीचा करने का र्निणय परिषद मे तो पास कर लिया। जब सीएम हेल्प लाईन में नागरीकों द्वारा शिकायत दर्ज करवाकर वर्षा के पहलें समाधान चाहा गया तो नपा ने अब यह कह कर हाथ खड़े कर दिये कि ये सड़क लोक र्निमाण विभाग की है हम नही कर सकते है। वही लोकर्निमाण विभाग कहता है हमारे पास बजट कहॉ है ? नपा के पास तो बजट है अब यह दोनों विभाग सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों को इधर से उधर विभागो में भेज रहे है। नपा कहती है कि लोकर्निमाण विभाग का मामला है और लोकर्निमाण विभाग कहती है कि नपा के विभाग का है कहकर शिकायतों को इधर उधर भेज रहे है। इसी चक्कर में जनता को उलझा रहे है जबकि जनप्रतिनिधि शासन से बजट ला सकते है।

## ब्यावरा में बाइक छोड़ भागे बदमाश, गिरफ्तारी के बाद होगा खुलासा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर**

मंगलसूत्र लूट मामले में जाँच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है चौंकाने वाली समानताएँ सामने आ रही हैं। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार अंदाजा लगाया जा रहा है कि बडौद में हुई चोरी के दौरान भी एक ही बाइक पर तीन युवक सवार थे। इसके ठीक एक दिन बाद सुसनेर में हुई वारदात में भी इसी हुलिये की बाइक पर तीन युवक दिखाई दिए, जबकि ब्यावरा से मिली ताजा जानकारी में भी वही बाइक और तीन संदिग्धों के होने की बात सामने आई है। इन समानताओं से आशंका गहराती जा रही है कि तीनों घटनाओं को अंजाम देने वाला गिरोह एक ही हो सकता है। सुसनेर में महिला से मंगलसूत्र झपटने के बाद बदमाश तेज गति से भागे थे। पुलिस की घेराबंदी बढ़ती देख वे ब्यावरा में बाइक छोड़कर फरार हो गए। बरामद वाहन से अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान से यह स्पष्ट हो रहा है कि आरोपी बेहद शातिर तरीके से वारदात कर रहे हैं। इलाकों में महिलाओं को अकेला देखकर निशाना बनाते हैं और कुछ ही सेकंड में फरार हो जाते हैं। पुलिस अब तीनों जिलों की घटनाओं को आपस में जोड़कर जाँच कर रही है। पुलिस का कहना है कि युवकों की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे मामले का सही खुलासा हो सकेगा। फिलहाल संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और आसपास के जिलों से भी समन्वय बनाया गया है। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत देने की अपील की है। लगातार हो रही इन घटनाओं से लोगों में भय के साथ आक्रोश भी है।

# माँ भादवामाता की नगरी में 'कर्तव्य बोध दिवस' गरिमा के साथ संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच**

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा नीमच द्वारा मालवा की वैष्णो देवी मां भादवा की नगरी में 'कर्तव्य बोध दिवस' का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पुजा अर्चना व दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना श्री मुकेश कनेरिया द्वारा प्रस्तुत की गयी। कर्तव्य बोध दिवस पर शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए आत्म-चिंतन और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का माध्यम बना। शिक्षक समाज का प्रकाश स्तंभ,और राष्ट्र सर्वोपरि₹ होता है यह विचार मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री हिम्मत सिंह जैन ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कही।आपने कहा कि शिक्षक एक दीप के समान है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। उन्होंने संगठन के मूल मंत्र– ₹राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज₹ को आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता ने आधुनिकता के दौर में संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर चिंता व्यक्त की व पर्यावरण संरक्षण की बात रखी। उन्होंने कहा कि आज बड़े शहरों में पानी समाप्त हो रहा है और दूर-दराज से पानी लाकर प्यास बुझाई जा रही है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को संसाधन सुरक्षा और भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा दें, तभी भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा। ₹सत्य सनातन राष्ट्र हमारा, जगत सिर मोर बनाएंगे, जगमग करते हैं सारे जग को ज्ञान के दीप जलाएंगे।₹ आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि बच्चा पढ़-लिखकर विदेश चला जाए और माता-पिता अंत समय में अकेले रह जाएं, तो वह शिक्षा असफल है।

### जिला कलेक्टर ने परीक्षाओं के मद्देनजर किये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

नीमच। जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु चंद्रा द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत परीक्षा केंद्रों की सुरक्षाः परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक 100 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# राष्ट्र संत ललितप्रभजी से मिले योग साधक, तनाव मुक्त व आंतरिक शांति का मिला मंत्र

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर**



सोमवार को राष्ट्र संत श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज का मंदसौर शुभ आगमन हुआ। दशपुर योग शिक्षा संस्थान के साधकों ने योग गुरु सुरेन्द्र जैन के सानिध्य में संतश्री से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान संतश्री ने योग के लाभों के बारे में बताया व योग से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाये। आपने तनाव मुक्त जीवन और आंतरिक शांति मंत्र दिया। संतश्री ने दशपुर योग संस्था द्वारा निःशुल्क योग प्रशिक्षण की सराहना की। योग गुरू श्री जैन ने बताया कि संत ललित प्रभ जी एक संत ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के अद्भुत प्रशिक्षक भी हैं। आप योग को केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि मन को स्वस्थ रखने का माध्यम मानते हैं। उनके सानिध्य में होने वाले ध्यान शिविरों के माध्यम से तनाव मुक्ति और आंतरिक शांति का अनुभव होता है।

योग संस्था के साधकों ने जब संत श्री से दशपुर के साधकों को लाभान्वित करने का आग्रह किया, तो उन्होंने सहर्ष आगामी जून माह में मंदसौर प्रवास के दौरान आशीर्वाद प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर संत श्री ने उपस्थित सभी साधकों को मांगलिक श्रवण कराई और स्वस्थ व सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया।

## खबर एक नजर...

### कार्यकारिणी का विस्तार,नवीन सदस्यों को पहचान पत्र किए वितरित



**कायथा ।** तराना प्रेस क्लब का पत्रकार मिलन समारोह वराह मिहिर की नगरी कपित्थ नगर कायथा स्थित श्री देव वासुकी नाग मंदिर काली कराड़ कायथा मे आयोजित किया गया,कार्यक्रम तराना प्रेस क्लब के मार्गदर्शक वरिष्ठ पत्रकार मुकेश शर्मा, पत्रकार अनिल पांडे के आतिथ्य एवं तराना प्रेस क्लब अध्यक्ष अर्पित बोड़ाना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा नाग वासुकी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। अतिथियों ने निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ ही जरूरतमंद की आवाज उठाने एवं पत्रकार एकता पर बल दिया। इस दौरान तराना प्रेस क्लब का विस्तार करते हुए नवीन सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष शिवनारायण गुर्जर ,उपाध्यक्ष अशोक मेहता सह कोषाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह सिसोदिया ,सचिव अजय नवरंग, सह सचिव लक्ष्मण सिंह चावड़ा मिडिया प्रवक्ता पप्पू अकेला को बनाया गया। साथ ही नवीन सदस्यों को तराना प्रेस क्लब के पहचान पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर पत्रकार सतीश जायसवाल, उपाध्यक्ष विष्णु माली कोषाध्यक्ष विकास कसेरा, पत्रकार श्याम कारपेंटर,पत्रकार गोपाल सौलकी भरत जायसवाल आदि उपस्थित थे। आभार सचिव नवरंग ने माना।

### ऑल इंडिया रैंक 330 लाकर स्नेहा ने बढ़ाया नगर का गौरव, पाटीदार ने किया स्वागत



**सुसनेर।** होनहार बेटी स्नेहा मालवीय का एसएससी जीडी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 330 के साथ उत्क्रम्में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर रविवार को डाक बंगला परिसर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु पाटीदार द्वारा स्वागत कर शुभकामनाएँ दी गईं। स्नेहा, स्वर्गीय बालचंद मालवीय की सुपुत्री हैं और सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। उनकी उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण की मिसाल माना जा रहा है। नगरवासियों ने स्नेहा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर पार्षद राकेश कानुडिया, विधायक प्रतिनिधि दीपक राठौर, आस्था एकेडमी स्कूल संचालक शैलेंद्र पाटीदार, कालू खान, रईस एहमद मेव, करण सिंह, तेजुसिंह कायरा, पंकज मालवीय, राहुल मालवीय, वारिस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद थें।

### महाविद्यालय डिविजनल इंटर कॉलेज कराटे कॉम्पीटिशन में जीता मेडल

**राजगढ़।** ब्यावरा-राजगढ़ के 2 खिलाड़ियों का चयन राजगढ़ कराटे टीम में हुआ था ये महाविद्यालय डिविजनल इंटर कॉलेज कराटे कॉम्पीटिशन भोपाल के एमवीएम कॉलेज में 5, 6 फरवरी को आयोजित हुई क्रीड़ा भारती राजगढ़ जिला मंत्री ओर राजगढ़ कराटे संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया की जिले के घनश्याम पिता राजेश कुशवाह ने - 80 वजन समूह में 6 फाईट जीती और सेमीफाइनल में पहुंचकर सिल्वर मेडल हासिल किया है,

# बिना मोबाइल और सुराग के घर से निकले नाबालिग को इंदौर से सकुशल खोज निकाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मक्सी

मक्सी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से बिना बताए कहीं चले गए एक 14 वर्षीय नाबालिग बालक को महज 3 दिन के भीतर इंदौर से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के लिए यह चुनौती बड़ी थी क्योंकि बालक के पास न तो मोबाइल था और न ही घर छोड़ने का कोई स्पष्ट कारण सामने आया था। जानकारी के अनुसार ग्राम गड़रोली निवासी फरियादी समद शाह ने मक्सी थाने में सूचना दी थी कि उनका 14 वर्षीय बेटा मन्नान शाह अचानक लापता हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल भारतीय न्याय संहिता की धारा तहत प्रकरण दर्ज किया। एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी घनश्याम मालवीय और एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बालक की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की।

जांच टीम के सामने सबसे बड़ी समस्या सायबर सेल की मदद न मिल पाना थी, क्योंकि बच्चे के पास मोबाइल नहीं था। ऐसे में पुलिस ने पारंपरिक पुलिसिंग और तकनीक का सहारा लिया। मक्सी कस्बे के शासकीय और निजी सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। फुटेज में बालक मक्सी रेलवे स्टेशन से मालवा एक्सप्रेस में बैठकर उज्जैन-इंदौर की ओर जाता दिखाई दिया। सुराग मिलते ही पुलिस की अलग-अलग टीमें उज्जैन, देवास और इंदौर के लिए रवाना की गईं। रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों के कैमरे चेक करने और फोटो के आधार पर पूछताछ करने पर पता चला कि बालक को इंदौर के सरवटे बस स्टैंड के पास देखा गया है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर बस स्टैंड के पास एक होटल के करीब से मन्नान को सकुशल दस्तयाब कर लिया। बाद में उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सफल ऑपरेशन में थाना प्रभारी संजय वर्मा के साथ, उप निरीक्षक अरविंद सिंह तोमर, विजय खत्री, सउनि संतोष रघुवंशी, नरेंद्र सिंह बुंदेला, रणकेंद्र सिंह चौहान, अभिषेक दीक्षित, प्र.आर. राजेश जाट, रामेश्वर जाटव, राजेश पटेल, धीरेंद्र पाण्डेय और आरक्षक सुरेश मालवीय, नवीन यादव, जगदीश मीणा व राहुल जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट - सांसद फिरोजिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर प्रेस वार्ता संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए गए बजट को विकसित भारत-2047 के संकल्प को सिद्ध करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बताया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि केंद्रीय बजट महज आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट में युवा, गरीब, महिला और अन्नदाता (किसान) को केंद्र में रखा गया है। सांसद ने बताया कि रोजगार सृजन, अधोसंरचना विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नवनियुक्त जिला प्रभारी डॉ. प्रभु लाल जाटव ने कहा कि यह बजट आम जनमानस की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार किया गया है। यह गांव, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वाला बजट है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट मध्य प्रदेश और शाजापुर जिले के विकास को नई गति देगा। इससे स्थानीय व्यापार, उद्योग और कृषि को लाभ मिलेगा, साथ ही युवाओं के लिए स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने इसे मोदी सरकार के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का साक्षात उदाहरण बताया। संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने किया।

## जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को जेल भेजा गया

**ब्यावरा।** थाना कोतवाली राजगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रेमपुरा में पदस्थ महिला पटवारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्राप्त शिकायत के अनुसार महिला पटवारी तहसीलदार राजगढ़ के आदेश के पालन में ग्राम पानसरा में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित शासकीय कार्य का निर्वहन कर रही थीं। इसी दौरान ग्राम पानसरा निवासी जितेन्द्र तंवर पिता गंगाराम तंवर द्वारा सी.एम.हेल्पलाइन पर की गई शिकायत के संबंध में चर्चा हेतु महिला पटवारी द्वारा संपर्क किया गया, जिस पर आरोपी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए महिला लोक सेवक को जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत की गई। घटना से महिला पटवारी मानसिक रूप से भयभीत हो गईं तथा उनके शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न हुई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली राजगढ़ में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। महिला लोक सेवकों की सुरक्षा एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध मादक पदार्थ निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल जप्त

**ब्यावरा।** थाना माचलपुर में पदस्थ उप निरीक्षक गुड्डु कुशवाह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में खेत में बनी खंती में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल ड्रमों में छिपाकर फेंका गया है।

### औंकारेश्वर मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीरुद्र महायज्ञ से शुरु

**कायथा ।** श्री औंकारेश्वर मंदिर प्रांगण मे प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव के अन्तर्गत 47 वां सप्त दिवस श्री रुद्र महायज्ञ 9 से प्रारंभ हो गया है। यज्ञाचार्य पं. कपिल मेहता बाजार बरखेड़ा सिहोर के साथ पं.जगदीश शर्मा उज्जैन, द्वारा यज्ञ के प्रथम दिवस यजमान पुष्कर निगम का हेमाद्रि प्राश्चित कर्म के साथ ही दश विधि स्नान कराया गया तथा यज्ञ मंडप प्रवेश देव आव्हान अर्चन किया गया

## यूजीसी की नई गाइडलाइंस के विरोध में उमड़ा जनसैलाब, आर-पार की लड़ाई का ऐलान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर की सड़कों पर सवर्ण समाज के आक्रोश का ज्वालामुखी फूट पड़ा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई गाइडलाइंस के विरोध में सुलग रही चिंगारी ने अब दावानल का रूप ले लिया है। यही कारण रहा कि सवर्ण एकता मंच के बैनर तले हजारों की संख्या में समाजजनों ने रविवार को ऐतिहासिक शक्ति प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के नए प्रावधानों को सिरे से नकारते हुए इसे काला कानून करार दिया।

युवा, बुजुर्ग और प्रबुद्धजन, हर वर्ग के लोग हाथों में तख्तियां थामे अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आए। बस स्टैंड से शुरू हुई यह आक्रोश रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान काला कानून वापस लो के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों का जोश बता रहा था कि वे अब पीछे हटने के मूड में नहीं हैं।

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, प्रशासन को अल्टीमेटम

शहर भर में अपनी एकता का परिचय देने के बाद रैली पुनः बस स्टैंड पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई, यहां सवर्ण एकता मंच के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि झूठी शिकायतों पर नकेल कसी जाए। यूजीसी की नई गाइडलाइंस पर तुरंत रोक लगाकर इनका पुनरीक्षण किया जाए, अकादमिक स्वतंत्रता की रक्षा हो और झूठी शिकायतों पर सख्त दंडात्मक प्रावधान लागू हो। मंच ने प्रशासन को दो टूक शब्दों में चेताया है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई, तो यह आंदोलन अब रुकेगा नहीं, बल्कि और तेज होगा।


## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री नानकसिंह पिता बहादुरसिंह, निवासी-193, नागझिरी, देवास रोड़ उज्जैन की और से दिनांक 29.01.26 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में प्रकाशित जाहिर सूचना द्वारा गणेश राठौर एडव्होकेट का प्रतिवाद निम्नानुसार करते हैं कि उक्त जाहिर सूचना में श्रीमती मायाबाई पति अंतरसिंह ने वर्णित सर्वे क्रमांकों की भूमियों को किसी राजेन्द्रसिंह पिता कालुसिंह सिसौदिया, को अंतरित करने बाबत जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया है जबकि उक्त समस्त कृषि भूमि के संबंध में स्व. मांगीलाल जी ने अपने जीवनकाल में ही श्रीमती मायाबाई व उसके पति अंतरसिंह द्वारा उक्त भूमि के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज बनाकर नामांतरण करवा लिया था व स्व. मांगीलाल जी उक्त नामांतरण की अपील कर निरस्त करवा दिया है तथा वर्तमान में उनका ही नाम राजस्व अभिलेखों में बहैसियत भूस्वामी दर्ज है व इसी के साथ उनके द्वारा एक दिवानी वाद प्र.क्र. 10ए/2015 माननीय एकादश व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 (श्रीमती प्रियंका सोलंकी) उज्जैन के न्यायालय में प्रस्तुत कर मायाबाई व अंतरसिंह द्वारा बनाये गये फर्जी विक्रयपत्र को निरस्त किये जाने हेतु वाद लंबित है व इस वाद में मेरे पक्षकार को स्व. मांगीलाल जी के वारिसान एवं उक्त भूमि के किये गये वसीयतनामे के आधार पर पक्षकार के रूप में माननीय न्यायालय द्वारा संयोजित भी किया गया है इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उक्त जाहिर सूचना में प्रकाशित भूमि सर्वे नंबरों के संबंध में उक्त मायाबाई या अंतरसिंह से किसी भी प्रकार का विक्रय या अन्य संव्यवहार सम्पादित ना करें अन्यथा उसके हर्जे खर्चे व परिणामों का उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्ति का होगा।

अतः सूचित हो। इति दिनांक-08.02.2026

**श्रवण कुमार शर्मा वेंकटेश शर्मा हायकोर्ट एडव्होकेट्स**
**कार्यालय- 101. प्रथम मंजिल, गुरुकृपा रेसीडेंसी, दरगाह मण्डी, पेट्रोल पंप के पास, आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र)**
**मोबा. 98262-77233, 8602549005**



# अक्षय कुमार की भूत बंगला की रिलीज डेट बदली

## बड़े क्लैश से बचने के लिए अब फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म भूत बंगला की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। पहले यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे प्रीपोन कर 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। यानी दर्शकों को अक्षय कुमार की इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के लिए अब एक महीने कम इंतजार करना होगा।


फिल्म की रिलीज डेट आगे खिसकाने के पीछे मेकर्स की एक सोची-समझी रणनीति बताई जा रही है। अप्रैल का महीना थिएट्रिकल रिलीज के लिहाज से बेहतर माना जाता है, क्योंकि इस दौरान बड़े क्लैश कम होते हैं और दर्शकों की भीड़ ज्यादा देखने को मिलती है। इसके अलावा, साल 2026 में अक्षय कुमार की कई फिल्में लाइनअप में हैं, ऐसे में मेकर्स चाहते हैं कि हर फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पूरा और सही स्पेस मिले। अक्षय कुमार लंबे समय से लगातार फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते आ रहे हैं। भूत बंगला को भी उनकी एक मजबूत जॉनर फिल्म माना जा रहा है, जिसमें हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म की रिलीज डेट को प्रीपोन करने का फैसला इसी सोच के साथ लिया गया है कि दर्शकों को साल की शुरूआत में ही एक बड़ा एंटरटेनर मिल सके। भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। खास बात यह है कि परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकारों की मौजूदगी से फिल्म में कॉमेडी का लेवल और भी ऊंचा होने की उम्मीद है। वहीं तब्बू और वामिका गब्बी फिल्म को एक अलग रंग देती नजर आएंगी।

### चंबल की लोककथाओं पर बेस्ड होगी शक्ति शालिनी

# सैयारा फेम अनीत पड्डा के साथ पहली बार फुल लेंथ रोल में दिखेंगे विशाल जेठवा







यशराज फिल्म्स की सैयारा से चर्चा में आई अनीत पड्डा और मर्दानी 2 व होमबाउंड से पहचान बना चुके विशाल जेठवा तेजी से बड़े बैनर्स की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अब ये दोनों कलाकार पहली बार मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में एक साथ नजर आने वाले हैं। दिनेश विजन और अमर कौशिक के सुपरहिट यूनिवर्स में अगली पेशकश शक्ति शालिनी होगी। सूत्रों के मुताबिक, यह फिल्म अनीत को एक महिला-प्रधान सुपरनैचुरल किरदार में पेश करेगी, जबकि विशाल उनके लव इंटरेस्ट की भूमिका निभाएंगे। हालांकि यह रिश्ता सिर्फ रोमांस तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कहानी को नैतिक गहराई और भावनात्मक आधार भी देगा।

### कियारा के हटने के बाद अनीत हुईं कास्ट

अक्टूबर 2024 तक इस प्रोजेक्ट से कियारा आडवाणी का नाम जुड़ा था, लेकिन अब फिल्म अनीत के खाते में है। मार्च 2026 से शूटिंग शुरू होने की संभावना है। शक्ति शालिनी को मुंज्या फेम आदित्य सरपोतदार डायरेक्ट करेंगे। यह फिल्म चंबल और आस-पास की लोककथाओं पर बेस्ड होगी। जहां स्त्री में रहस्य और मुंज्या में शरारत थी, वहीं इस बार फोकस हाई-ऑक्टेन एक्शन और दैवीय शक्तियों पर होगा। अनीत का किरदार एक ऐसी युवती का है, जिसे धीरे-धीरे अपनी असाधारण शक्तियों का एहसास होता है।

### सलाम वेंकी में साथ काम कर चुके हैं दोनों

सूत्रों के मुताबिक, विशाल का किरदार कहानी में एक खास बैलेंस लाता दिखेगा। अनीत और विशाल इससे पहले काजोल स्टारर सलाम वेंकी में साथ काम कर चुके हैं, लेकिन वहां दोनों का कम रोल था, लेकिन शक्ति शालिनी में उन्हें पहली बार पूरी स्पेस देगी। विशाल के लिए भी यह ऐसी फिल्म होगी, जहां वह लीड हीरो हैं। इस जोड़ी का कॉम्बिनेशन ऐसा है कि एक तरफ उभरता स्टारडम है तो दूसरी तरफ मजबूत अभिनय।

### कोर्टरूम ड्रामा न्याय का भी हिस्सा हैं अनीत, फिलहाल पढ़ाई पर फोकस

करियर के इस अहम मोड़ पर भी अनीत अपनी पढ़ाई को भी प्राथमिकता दे रही हैं। वह फिलहाल पॉलिटिकल साइंस से इअ ऑनर्स कर रही हैं। एग्जाम के बाद ही वह शूटिंग जॉइन करेंगी। इसके अलावा वह कोर्टरूम ड्रामा सीरीज न्याय और मनीष शर्मा की अनटाइटल्ड रोमांटिक फिल्म में भी दिखेंगी। वहीं विशाल के लिए शक्ति शालिनी एक बड़ा कॉमर्शियल टर्निंग पॉइंट हो सकती है। इंडस्ट्री ट्रेंड्स के मुताबिक विशाल इस साल आर्ट सिनेमा और मास एंटरटेनमेंट दोनों में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराएंगे।



# हेरा फेरी 3 एक बार फिर मुश्किल में

## प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला के पास राइट्स नहीं, साउथ के प्रोड्यूसर ने कोर्ट में लगाई याचिका

बॉलीवुड की प्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी 3 फिर से सुर्खियों में आ गई है, लेकिन इस बार वजह है कानूनी झगड़ा और राइट्स विवाद। साउथ फिल्म निमार्ता सेवन आर्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने दावा किया है कि फिल्म के राइट्स असल में उनके पास हैं, न कि निर्माता फिरोज नाडियाडवाला के। इस बात को लेकर उन्होंने मद्रास हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

खबर मुताबिक, साउथ निमार्ता जीपी विजयकुमार ने 2022 में मलयालम फिल्म रामजी राव स्पीकिंग के ओरिजिनल निर्माताओं से हेरा फेरी फ्रैंचाइजी के अधिकार खरीद लिए थे। उनका कहना है कि फिरोज नाडियाडवाला को केवल इस मूल फिल्म का एक हिंदी रीमेक बनाने की अनुमति दी गई थी, जो 2000 में रिलीज हुई। लेकिन नाडियाडवाला ने 2006 में फिर हेरा फेरी भी बना दी और अब तीसरे भाग के अधिकार तक बेच दिए हैं, जो कि उनके पास बनाने का कोई वैध अधिकार नहीं था।

सेवन आर्ट्स के टऊविजयकुमार के अनुसार, फिर हेरा फेरी के समय पर किसी ने इस अधिकार उल्लंघन को पकड़ा नहीं था क्योंकि पहली फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन से उनके अच्छे रिश्ते थे। लेकिन अब जब हेरा फेरी 3 की योजना बनी, तो असल मालिकों को एहसास हुआ कि नाडियाडवाला ने सीक्वल और किरदारों का इस्तेमाल बिना अनुमति किया है। उन्होंने यह भी बताया कि नाडियाडवाला ने वही अधिकार अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस कैप ऑफ गुड फिल्म्स को बेचे, जिसके खिलाफ उन्होंने लीगल नोटिस भेजा और कोर्ट का सहारा लिया। फिरोज नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की तरफ से अब तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, और डायरेक्टर प्रियदर्शन ने भी बयान देते हुए कहा है कि उन्हें इस कानूनी मामले की कोई जानकारी नहीं है। इस बीच, हेरा फेरी 3 पहले से ही परेश रावल की अस्थायी एग्जिट और वापसी के कारण भी विवादों में रहा है। अब राइट्स विवाद ने इसे और उलझा दिया है, जिससे फिल्म की रिलीज और प्रोडक्शन पर अनिश्चितता छा गई है।

# साउथ एक्ट्रेस अंजू कृष्णा ड्रग्स केस में गिरफ्तार

## पुलिस ने नकली ग्राहक भेज कर ट्रैप सेट किया, मेथम्फेटामाइन-गांजा सहित अन्य अवैध पदार्थ जब्त किए

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से ड्रग्स का मामला सामने आया है। एंटी-नारकोटिक्स इंटेलिजेंस यूनिट साउथ की टीम ने अभिनेत्री अंजू कृष्णा और असिस्टेंट डायरेक्टर विंसी निवेथा सहित कुल 8 लोगों को ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया है।

टीओआई सिटी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने गुरुवार देर रात वलसरवक्कम इलाके में चलाए गए छापेमारी अभियान में टीम ने मेथम्फेटामाइन और गांजा सहित अन्य अवैध पदार्थ जब्त किए। शुरूआती जांच में पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध ड्रग्स की खेप के साथ संदिग्ध एक्टिविटी कर रहे हैं, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई।

पुलिस ने पहले एक नकली ग्राहक भेज कर एक ट्रैप सेट किया। जब संदिग्धों की कार वलसरवक्कम के पास पहुंची, तो पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली। तलाशी में लगभग 6 ग्राम मेथम्फेटामाइन, 7 ग्राम ओजी गांजा, 15 ग्राम गांजा, एक स्मोकिंग बॉन्ग, एक स्टैम्प और 9 मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़े गए सभी लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में रखा गया है।





### अंजू कृष्णा कौन हैं?

अंजू कृष्णा साउथ सिनेमा की अभिनेत्री हैं, जिन्होंने तमिल फिल्म वेल्लिमालई और कुछ मलयालम फिल्मों में काम किया है। उनके करियर में आरो और आकाशम कदन्न जैसी फिल्मों का नाम भी शामिल है। विंसी निवेथा एक असिस्टेंट डायरेक्टर हैं, जो तमिल फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही हैं।

### पुलिस की जांच जारी

पुलिस की प्रारंभिक जांच में साफ-साफ संकेत मिले हैं कि कथित सप्लाई चेन और ड्रग्स कनेक्शन को लेकर गहराई से जांच चल रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामला सिर्फ उपभोग तक सीमित नहीं लगता, बल्कि आपूर्ति नेटवर्क पर भी नजर रखी जा रही है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति से बातचीत के बाद मानी शहबाज सरकार, 15 फरवरी को मुकाबला

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच होगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार रात अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। पोस्ट में बताया गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने फोन कर भारत के खिलाफ मैच खेलने की अपील की थी। इसके अलावा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से मुकाबला खेलने की सिफारिश की थी। दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने के विरोध में पाकिस्तान ने 1 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। हालांकि उसने टूर्नामेंट के बाकी मुकाबले खेलने पर सहमति जता दी थी।




### पोस्ट की खास बातें

- पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके के बीच फोन पर बातचीत हुई। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने श्रीलंका में प्रस्तावित भारत-पाक मैच खेलने का अनुरोध किया।
- श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद के मुश्किल दौर में पाकिस्तान ने श्रीलंकाई क्रिकेट का पूरा समर्थन किया था। उन्होंने उसी भावना से पाकिस्तान से सहयोग की अपील की।
- प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भावनाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों से चर्चा के बाद अंतिम फैसला श्रीलंका को बता दिया जाएगा। पीएम ने कहा कि मुश्किल समय में श्रीलंका पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहा। हाल ही में श्रीलंका टीम ने पाकिस्तान दौरा रद्द न कर अहम सहयोग दिखाया।
- पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पीएम को भारत-पाक मैच पर हुई हालिया बैठकों की जानकारी दी। इन बैठकों में आईसीसी और बीसीबी के प्रतिनिधि भी शामिल थे।
- पाकिस्तान सरकार ने बीसीबी के औपचारिक अनुरोध और श्रीलंका, यूएई सहित अन्य देशों के समर्थन पर विचार किया। इन देशों ने समाधान में पाकिस्तान से नेतृत्व की भूमिका निभाने को कहा था।
- बहुपक्षीय चर्चाओं और मित्र देशों के अनुरोधों को देखते हुए पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला लिया। पाकिस्तान टीम 15 फरवरी 2026 को आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप मैच खेलेगी।

**पाक मीडिया का दावा- शर्तें मानी गईं-** पाकिस्तान की मीडिया का दावा है कि ढउइ की शर्तें क्उउ ने मान ली गई हैं, लेकिन इंडिया टुडे की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईसीसी ने पाकिस्तान की तीनों मांगे खारिज कर दी हैं। आईसीसी ने इस पर कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन उनकी ओर से जारी विज्ञप्ति में यह कहा गया है कि बांग्लादेश पर कोई जुमार्ना नहीं लगेगा। उन्हें भविष्य में एक ईवेंट भी दिया जएगा।

### पाकिस्तान ने आईसीसी के सामने 3 शर्तें रखी थीं

बैठक में आईसीसी की ओर से सीईओ संजोग गुप्ता वर्चुअल तरीके से जुड़े। भारत से खेलने के मुद्दे पर पाकिस्तान ने तीन शर्तें रखीं। पहली, आईसीसी की कुल कमाई में पाकिस्तान का हिस्सा बढ़ाया जाए। दूसरी, भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज बहाल कराई जाए। तीसरी, मैदान पर हैंडशेक प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू किया जाए। दरअसल, एशिया कप के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। फिलहाल आईसीसी रेवेन्यू मॉडल में पाकिस्तान चौथा सबसे बड़ा हिस्सेदार बोर्ड है। उसे कुल कमाई का करीब 5.75 फीसदी हिस्सा मिलता है। इससे ऊपर ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत के बोर्ड हैं।

### हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा- एसएलसी

7 फरवरी को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इस मैच पर दोबारा विचार करने की अपील की थी। इसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी को मेल लिखा। इसमें कहा गया है कि भारत-पाक मैच नहीं होने से श्रीलंका क्रिकेट को आर्थिक नुकसान होगा और टूर्नामेंट की इमेज को भी नुकसान होगा। मेल पर श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी से कहा कहा, हम भारत के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है तो हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा।

### पाकिस्तान सरकार ने कहा था- वर्ल्डकप खेलेंगे, लेकिन भारत से नहीं

पाकिस्तान ने 1 फरवरी को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के बांग्लादेश को टूनार्मेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

## इटली में विंटर ओलिंपिक शुरू, 92 देश ले रहे हिस्सा



ब्रह्मास्त्र ›› मिलान

विंटर ओलिंपिक 2026 का आगाज हो चुका है और इस समय सबसे ज्यादा चर्चा मैक्सिको की मां-बेटे की जोड़ी, सारा श्लेपर (47) और लासे फेडेरिको गैक्सियोला (18) की हो रही है। विंटर ओलिंपिक के 102 साल के इतिहास में पहली बार मां और बेटा दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच पर एक साथ मुकाबला करते नजर आएंगे। यह जोड़ी इस साल के पांच सदस्यीय मैक्सिकन दल का हिस्सा है, जो गेम्स में देश का अब तक का सबसे बड़ा एथलीट दल है।

सारा श्लेपर का यह सातवां ओलिंपिक है, जो किसी भी महिला अल्पाइन स्कीयर के लिए एक रिकॉर्ड है। 1998 में नागानो ओलिंपिक से अपने सफर की शुरूआत करने वाली सारा ने 4 बार अमेरिका और 3 बार मैक्सिको का प्रतिनिधित्व किया है। 47 साल की सारा ओलिंपिक विंटर खेलों में भाग लेने वाली इतिहास की सबसे उम्रदराज महिला अल्पाइन स्कीयर हैं। वहीं, 18 साल के लासे का यह ओलिंपिक डेब्यू है। लासे का नाम दिग्गज नार्वेजियन चैम्पियन लासे क्युस के नाम पर रखा गया है। लासे कहते हैं कि गर्व है कि हम एक साथ इस मंच पर हैं। बता दें कि 2011 में जब सारा ने पहली बार संन्यास लिया था, तब उन्होंने अपनी अंतिम रेस में 4 साल के लासे को गोद में उठाकर स्कीइंग की थी। अब वही छोटा बच्चा अपनी मां के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मुकाबला कर रहा है। अमेरिका में जन्मी सारा ने 1998 से 2010 के बीच अमेरिका के लिए ओलिंपिक में भाग लिया था। 2014 में मैक्सिकन कोच फेडेरिको गैक्सियोला से शादी के बाद उन्होंने मैक्सिको की नागरिकता प्राप्त की।

## रणजी ट्रॉफी- उत्तराखंड पहली बार सेमीफाइनल में



ब्रह्मास्त्र ›› कश्मीर

रणजी ट्रॉफी 2025-26 के क्वार्टर फाइनल में तीसरे दिन उत्तराखंड ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया। टीम ने झारखंड को पारी और 6 रन से हरा दिया। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर ने मध्य प्रदेश को बैकफुट पर धकेल दिया है। आकिब नबी मुकाबले में 10 विकेट ले चुके हैं।

शरद पवार क्रिकेट एकेडमी में पहले बैटिंग करते हुए होम टीम 120 रन ही बना सकी। अखिल हेरवडकर ने 60 रन बनाए। कर्नाटक से विद्वत कावेरप्पा, प्रसिद्ध कृष्णा और श्रेयस गोपाल ने 3-3 विकेट लिए। कर्नाटक ने मयंक अग्रवाल के 92 रन की मदद से 173 रन बना दिए। मोहित अवस्थी और तुषार देशपांडे ने 4-4 विकेट लिए।

मुंबई ने दूसरी पारी में कमबैक किया और 377 रन बना दिए। विकेटकीपर आकाश आनंद ने 70 रन बनाए। 7 प्लेयर्स ने 25 से 49 रन के बीच के स्कोर बनाए। शिखर शेट्टी ने 3 विकेट लिए। कर्नाटक ने स्टंप्स तक 2 विकेट खोकर 113 रन बना लिए हैं। केएल राहुल 60 और करुण नायर 9 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। मयंक अग्रवाल 3 और कप्तान देवदत्त पडिक्कल 39 रन बनाकर आउट हुए।

## अमेरिका की सबसे सफल स्कीयर जेसी डिगिंस की इंस्पायरिंग स्टोरी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

बीजिंग विंटर ओलिंपिक का आखिरी दिन... प्रकृति और शरीर, दोनों मेरे खिलाफ थे। माइनस 21 डिग्री पारा और बर्फीले तूफान के बीच 30 किमी की रेस थी। रेस से 30 घंटे पहले फूड पॉइजनिंग से निढाल थी, न खाना पच रहा था, न ही जॉगिंग कर पा रही थीं। फिर भी मैं मैदान में उतरी...। अमेरिका की सबसे सफल क्रॉस-कंट्री स्कीयर जेसी डिगिंस कहती हैं- रेस के दौरान गिरने और शरीर में ऐंठन के बावजूद वे डटी रहीं। अंततः रेस पूरी कर सिल्वर मेडल जीता और इतिहास रच दिया। तीन वर्ल्ड कप, तीन ओलिंपिक मेडल और सात वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीत चुकी डिगिंस 2026 में इटली में हो रहे विंटर ओलिंपिक में पूरे दमखम के साथ उतर रही हैं, जानिए उनके शीर्ष तक पहुंचने का सफर...

बात 2022 विंटर ओलिंपिक की है। रेस से पहले हुई फूड पॉइजनिंग से शरीर में पानी और ऊर्जा की भारी कमी हो गई। सुबह 10 मिनट की हल्की दौड़ भी पूरी नहीं कर पाई। बिस्तर पर गिरकर फूट-फूट कर रोने लगी। मम्मी-पापा को फोन किया और बस इतना कह सकी, सब कुछ वैसा नहीं हो रहा, जैसा होना चाहिए था। शाम को शरीर थोड़ा संभला। स्पिन बाइक पर हल्की एक्सरसाइज की।

अगली सुबह बस में बैठी तो मां का ई-मेल देखा, जिसने मेरी बेचैनी शांत कर दी। उन्होंने लिखा, तुम्हें यह रेस किसी के लिए नहीं करनी है। तुम पर किसी का उधार नहीं है। आज तुम स्कीइंग करती हो तो सिर्फ इसलिए करना क्योंकि तुम्हें इस खेल से प्यार है। बस, उसी पल दिमाग से दबाव और मन से बोझ हट गया। बर्फीली हवाएं बदन को चाकू की तरह चीर रही थीं। पर असली चुनौती बाहर का मौसम नहीं, बल्कि अंदर चल रहा तूफान था। जेसी कहती हैं- शरीर टूट चुका था, पर दिल हार मानने को तैयार नहीं था। आधा किलोमीटर के भीतर दूसरी स्कीयर ने कट दिया, मैं गिर पड़ी। आगाज बुरा था, पर मैं उठी। खुद से कहा, अब खोने को कुछ नहीं, बस दौड़ो। पर जैसे ही पहाड़ों पर चढ़ाई शुरू हुई, हिम्मत टूटने लगी।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन:-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
**कॉल 7424877834**
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### भारत घटाएगा रूसी तेल का आयात

## अमेरिका के साथ मेगा डील के बाद फैसला, ट्रंप ने हटाया 25% टैरिफ!



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सूत्रों के अनुसार, भारत आने वाले दिनों में रूस से कच्चे तेल की खरीद कम कर सकता है। यह फैसला अमेरिका के साथ हुई एक व्यापारिक डील के तहत हुआ है। हालांकि, यह आयात अभी पूरी तरह बंद नहीं होगा, क्योंकि नायरा एनर्जी जैसी कुछ रिफाइनरियों के पास दूसरे विकल्प सीमित हैं।

अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के बाद भारत अब रूस से कच्चा तेल खरीदना धीरे-धीरे कम कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका के भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को हटाने के बाद केंद्र सरकार इस पर योजना बना रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संबंध में एक्जीक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए और कहा कि भारत की रूसी तेल आयात रोकने की प्रतिबद्धता के बाद यह कदम उठाया गया है। हालांकि, यह आयात नायरा एनर्जी जैसी कुछ रिफाइनरियों के पास दूसरे विकल्प सीमित होने के कारण अभी पूरी तरह बंद नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों को अभी तक रूस से तेल खरीद पूरी तरह रोकने का कोई औपचारिक आदेश नहीं मिला है, लेकिन अनौपचारिक तौर पर खरीद कम करने को कह दिया गया है। आमतौर पर तेल के ऑर्डर 6 से 8 हफ्ते पहले दिए जाते हैं, इसलिए पहले से तय सौदों को पूरा किया जाएगा, लेकिन नए ऑर्डर नहीं दिए जाएंगे। हिंदुस्तान पेट्रोलियम, मंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स और एनर्जी जैसी कंपनियों ने भारत अमेरिका डील के बाद से ही रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है। वहीं, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और भारत पेट्रोलियम अब धीरे-धीरे अपनी खरीद घटा रही है।

### चावल, गेहूं, पोल्ट्री व डेयरी डील में शामिल नहीं; सब्जियों पर क्या बदल गया?

# आम, पपीता व मशरूम पर शून्य टैरिफ

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर ( करीब 45,29,069.80 रुपये) के व्यापार समझौते के लिए एक अंतरिम ढांचे पर सहमति बन गई है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अमेरिका के साथ हुई इस डील पर सरकार का पक्ष रखा। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।


भारत और अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर ( करीब 45,29,069.80 रुपये) के व्यापार समझौते के लिए एक अंतरिम ढांचे पर सहमति बन गई है। यह समझौता न केवल दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय है, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पैठ बढ़ाने का एक बड़ा मौका भी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अमेरिका के साथ हुई इस डील पर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने की दिशा में यह समझौता अहम साबित होगा।

गोयल ने कहा कि हमारे निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था मोस्ट प्रीफर्ड ड्यूटी के साथ खुलती है। कल देर रात जो भारत-अमेरिका के बीच संयुक्त बयान तय हुआ, दुनिया के सामने रखा गया, इसका हर तरफ स्वागत हुआ है। गोयल ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। पूरे देश में खुशी की लहर है। यह दिन विकसित भारत के लिए अहम माना जाएगा।

पीयूष गोयल ने कहा कि आज का दिन विकसित भारत 2047 की राह में एक महत्वपूर्ण दिन है, और उन्होंने अंतरिम व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया।भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक वार्ता फरवरी 2025 में शुरू हुई थी, जिसका लक्ष्य प्रति वर्ष 500 अरब डॉलर का निर्यात कारोबार हासिल करना था। गोयल ने समझौते की घोषणा के बाद देशभर में फैली खुशी और आशावाद की भावना पर प्रकाश डाला।

**दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही बातचीत-** उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए एक भव्य, दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व की प्रशंसा की। द्विपक्षीय समझौते की चर्चा करते हुए हुए गोयल ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने और सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित रही है। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमों, किसानों और मछुआरों के लिए अवसरों में वृद्धि होने की उम्मीद है। गोयल ने इस दिन को भारत-अमेरिका व्यापार इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखे जाने वाला दिन₹ बताया।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा से अवगत कराते हुए इसे भारत के आर्थिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने निर्यातकों, लघु व मध्यम उद्यमों, किसानों और मछुआरों के लिए संभावित लाभों पर प्रकाश डालते हुए, गोयल ने समझौते को भारत की विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया, जिसमें रोजगार सृजन, मजबूत व्यापार संबंध और नवाचार और निवेश के अवसरों पर जोर दिया गया।



### कृषि निर्यातकों और किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी

अमेरिका के साथ हुए इस समझौते ने भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए निर्यात के नए द्वार खोल दिए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, अब फलों, सब्जियों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की एक विस्तृत श्रृंखला अमेरिकी बाजार में बिना किसी आयात शुल्क के प्रवेश करेगी। इस सूची में आम, केला, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास और मशरूम जैसे ताजा उत्पाद शामिल हैं। इसके अलावा, मूल्य वर्धित उत्पादों जैसे बेकरी आइटम, कोको उत्पाद, सिट्रस जूस, और अनाज, जौ, तिल व खसखस पर भी टैरिफ हटा दिया गया है, जिससे भारतीय किसानों और एग्री-बिजनेस कंपनियों को अमेरिकी बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने का सीधा मौका मिलेगा।

### अमेरिका के इन फल व सब्जियों को भारत में एंट्री नहीं

इसके अलावा भारत ने अपने घरेलू किसानों के हितों और कृषि क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अमेरिका से कई तरह की सब्जियों और फलों के आयात पर प्रतिबंध लगाया है या रियायत न देने का फैसला किया है। इसमें मुख्य रूप से आलू, मटर, बीन्स, प्याज, जमी हुई सब्जियां, एगारिकस मशरूम, और खट्टे फल (जैसे संतरा, मैंडरिन) शामिल हैं।

- **रत्न और फार्मा कंपनियों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा-** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत, कई प्रमुख वस्तुओं के अमेरिका को निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। रत्न और आभूषणों के साथ-साथ औषधीय उत्पादों को भी अब शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी, जिससे भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और 'मेक इन इंडिया' पहल को समर्थन मिलेगा।
- **फार्मा, कॉफी और आम का बिना किसी टैरिफ के हो सकेगा निर्यात-** गोयल का कहना है कि रत्न, फार्मा, कॉफी, आम और अन्य कई वस्तुएं अमेरिका को शुल्क-मुक्त निर्यात की जाएंगी। कृषि क्षेत्र में, कई भारतीय उत्पाद अब बिना किसी शुल्क के संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किए जा सकेंगे। इनमें चाय, मसाले, नारियल तेल, वनस्पति मोम, सुपारी, ब्राजील नट्स, शाहबलूत और विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियां शामिल हैं। पीयूष गोयल के अनुसार, सब्जी की जड़ें, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल के बीज, खसखस और खट्टे फलों के रस पर भी कोई पारस्परिक शुल्क नहीं लगेगा और अब वे अमेरिकी बाजार में शुल्क-मुक्त प्रवेश करेंगे।
- **50% टैरिफ से शून्य शुल्क तक पहुंचे-** ₹कई ऐसी वस्तुएं जिन पर पहले 50% टैरिफ लगता था, अब शून्य शुल्क के साथ अमेरिकी बाजार में प्रवेश करेंगी,₹ पीयूष गोयल ने नए भारत-अमेरिका व्यापार ढांचे के तहत भारतीय निर्यातकों के लिए एक बड़ी जीत पर प्रकाश डालते हुए कहा। गोयल ने कहा, चीन पर 35% टैरिफ लगाया गया है, जबकि बांग्लादेश और वियतनाम पर 25% टैरिफ लगाया गया है। हम पर अब काफी कम प्रतिशत टैरिफ लगता है।
- **हमने किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया है: गोयल-** पीयूष गोयल ने कहा कि कई भारतीय नियार्तों पर पारस्परिक शुल्क घटकर शून्य हो जाएगा, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। जिन प्रमुख क्षेत्रों को लाभ मिल रहा है उनमें विमान के पुर्जे, मशीनरी के पुर्जे, जेनेरिक दवाएं, फार्मास्यूटिकल्स और बंगाल, केरल और महाराष्ट्र से आने वाले रत्न और हीरे शामिल हैं। शून्य शुल्क के अंतर्गत आने वाली अन्य वस्तुओं में सिक्के, प्लैटिनम, घड़ियां, आवश्यक तेल, कुछ घरेलू सजावट की वस्तुएं जैसे झूमर, बीज और अकार्बनिक रसायन और यौगिक शामिल हैं। गोयल ने कहा कि जीएम फूड्स को भारत में बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गोयल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के कई कृषि उत्पाद भी शून्य शुल्क पर अमेरिकी बाजार में प्रवेश करेंगे।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः भारतीय वस्त्र उद्योग को बड़ा मौका

# 118 अरब डॉलर के अमेरिकी बाजार का दरवाजा खुला

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के नए व्यापार समझौते से भारतीय वस्त्र उद्योग को बड़ा फायदा मिलने जा रहा है। 118 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात बाजार तक पहुंच आसान होगी। जवाबी शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। परिधान, फुटवियर और रसायन जैसे क्षेत्रों को भी बढ़ावा मिलेगा।

भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते ने भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा अवसर खोल दिया है। इस समझौते के बाद अमेरिका का 118 अरब डॉलर का आयात बाजार भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए ज्यादा सुलभ हो जाएगा। सरकार ने इसे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया है। अमेरिका पहले से ही भारत के वस्त्र निर्यात का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है।

वस्त्र मंत्रालय के मुताबिक इस समझौते से भारतीय वस्त्र और परिधान उत्पादों पर लगने वाला 18 प्रतिशत जवाबी शुल्क घटेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को कीमत के मामले में सीधा



फायदा मिलेगा। मंत्रालय का कहना है कि अब भारत की स्थिति बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मजबूत होगी। बड़े अंतरराष्ट्रीय खरीदार भी अब अपनी खरीद रणनीति में भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं।

**भारतीय निर्यात को मिलेगा सीधा लाभ-** सरकारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका को भारत का मौजूदा वस्त्र निर्यात करीब 10.5 अरब डॉलर का है। इसमें लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा परिधान का और करीब 15 प्रतिशत मेड-अप्स का है। शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। इससे नए ऑर्डर मिलने और निर्यात बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। उद्योग को लागत के मोर्चे पर राहत मिलेगी।

**2030 के निर्यात लक्ष्य को मिलेगा सहारा-** सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि नया व्यापार समझौता इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। अनुमान है कि कुल वस्त्र निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी पांचवें हिस्से से ज्यादा रह सकती है। इससे बाजार जोखिम भी बंटेगा और निर्यात ढांचा मजबूत होगा।

- **परिधान, फुटवियर और रसायन क्षेत्र को भी बढ़ावा-** इस अंतरिम व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ कपड़ा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। परिधान, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर और रसायन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को भी राहत मिलेगी। आयात शुल्क घटने से इन सेक्टरों के उत्पादों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग संगठनों का कहना है कि ऊंचे शुल्क के कारण हाल के महीनों में निर्यात प्रभावित हुआ था, अब स्थिति सुधर सकती है।
- **कई सेक्टरों के लिए कम या शून्य शुल्क का फायदा-** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार समझौते से कपड़ा, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, रत्न-हीरे, मशीनरी पार्ट्स और ऑटो पार्ट्स जैसे क्षेत्रों को भी कम या शून्य जवाबी शुल्क का लाभ मिलेगा। इससे निर्यात बढ़ने के साथ रोजगार के नए मौके बनेंगे। सरकार का मानना है कि यह समझौता भारतीय मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात सेक्टर को नई गति देगा।

### नया वाणिज्य दूतावास भी खुलेगा भारत

# पीएम मोदी का बड़ा एलान जल्द शुरू होगी यूपीआई सेवाएं

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-मलयेशिया के बीच डिजिटल सहयोग बढ़ रहा है और यूपीआई जल्द ही मलयेशिया में लॉन्च होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुआलालंपुर पहुंचने पर भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग में तेजी आ रही है और भारत की प्रमुख डिजिटल भुगतान प्रणाली, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जल्द ही मलयेशिया में शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमने मलयेशिया की पहली और एशिया की सबसे बड़ी इंसुलिन निर्माण केंद्र स्थापित करने में भूमिका निभाई। आपको यह जानकर खुशी होगी कि हम जल्द ही मलयेशिया में भारत का एक नया वाणिज्य दूतावास खोलने जा रहे हैं। इससे हमारे रिश्ते और भी मजबूत होंगे। गौरतलब है कि, संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, भारत का लोकप्रिय भुगतान प्लेटफॉर्म यूपीआई अब निम्नलिखित देशों देशों में पूरी तरह से सक्रिय है:

**गिनाई उपलब्धियां-** पीएम ने भारत की प्रमुख उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता बन गया है। इसके अलावा रक्षा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि, भारत का वैश्विक स्तर पर तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप हब के रूप में उभरना और विश्व के सबसे बड़े डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण शामिल है, जहां विश्व के लगभग आधा डिजिटल लेनदेन भारत में यूपीआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से होते हैं। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया और कहा कि पिछले एक दशक में सौर ऊर्जा क्षमता में 40 गुना वृद्धि हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ हो या अमेरिका, इन सभी देशों के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हैं।

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

### ऊपर से नीचे

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 51 | | 25 | = | 24 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 40 | | 10 | | 25 | = | 45 |
| | | | | | | | | |
| 70 | | 18 | | 27 | | 40 | = | 75 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 30 | | 27 | | 50 | = | 60 / 52 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रि | शो | ना | दि | शा | औं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | व | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | व | री | ग | बी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | जा | प | म | र्थ | की | या | ह |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | व |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| यो | ह्र | सा | रु | बा | ध | व | ह | दु | र | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | |
| 5 | 29 | | 37 | | 31 | 3 |
| | 3 | | 7 | 5 | | |
| 3 | 27 | 6 | 41 | | 33 | 2 |
| | | 3 | | | 5 | 4 |
| | 29 | | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | | 2 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

मां ने घबराकर बेटे को फोन लगाया और कहा - बेटा जल्दी से घर आजा, बहू को पैरालिसिस का अटैक आया है। उसका मुंह टेढ़ा, आंखे ऊपर और गर्दन घूमी हुई है। बेटा बोला - रहने दे मां, तू घबरा मत..वो सेल्फी ले रही है।

00000000

पति - पत्नी को मूवी देखने जाना था।
घर के बाहर पति काफी देर से इंतजार कर रहा था।
पति (चिल्लाते हुए) - अरे और कितनी देर लगाओगी?
पत्नी - चिल्ला क्यों रहे हो? एक घंटे से कह रही हूं कि पांच मिनट में आ रही हूं। समझ में नहीं आता।

00000000

पत्नी - अगर मैं तुम्हें छोड़कर चली गई, तो तुम क्या करोगे?
पति - मैं तो पागल हो जाऊंगा।
पत्नी - मतलब दूसरी शादी तो नहीं करोगे?
पति - पागल कुछ भी कर सकता है।

000000000

पत्नी - तुम मुझे दो ऐसी बातें बोलो, जिनमें से एक को सुनकर मैं खुश हो जाऊं और दूसरी को सुनकर नाराज हो जाऊं।
पति - तुम मेरी जिंदगी हो और दूसरी बात लानत है ऐसी जिंदगी पर।

00000000

हेलो भैया, मुझे इनकम सर्टिफिकेट बनवाना है।
चपरासी - बाबू से जाकर मिल लो।
लड़की ने तुरंत अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोन लगाया और बोली -
बाबू तुमने बताया नहीं तुम इनकम सर्टिफिकेट भी बना लेते हो।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



■ वर्ष-12 अंक-99 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 10 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

कश्चित् कस्यचिन्मित्रं, न कश्चित् कस्यचित् रिपुः।
अर्थतस्तु निबध्यन्ते, मित्राणि रिपवस्तथा॥

**भावार्थ** : न कोई किसी का मित्र है और न ही शत्रु, कार्यवश ही लोग मित्र और शत्रु बनते हैं।

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।
तस्मात् सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः॥

**भावार्थ** : सत्य वचन से साक्षी पावन बनता है, सत्य से धर्म बढ़ता है। इस लिए सभी वर्णों में, साक्षी ने सत्य हि बोलना चाहिए।

## सम्पादकीयम्

### तमिलनाडु-केरलयोः पुनः परम्परा भग्नाः

राज्यपालैः सह संघर्षः तीव्रः भवति तमिलनाडु-केरल-सभासु सम्बोधनानि न पठितवन्तः राज्यपालाः इति घटनाभिः राज्यसर्वकाराणां राज्यसदनानां च मध्ये वर्धमानं द्वन्द्वं प्रकाशितम् अस्ति। संविधानानुसारं राज्यपालः मन्त्रिपरिषदः अनुमोदितं भाषणं पठितुं बाध्यः भवति, न तु स्वस्य व्यक्तिगतं मतं प्रकटयितुं। एषा स्थितिः संघीयव्यवस्थायां सन्तुलनस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं ददाति। केरल मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन भारतीयसंविधानेन राज्यपालपदं गौरवस्य, संतुलनस्य, परम्परायाः च प्रतीकं मन्यते। तस्य कर्तव्यं संविधानस्य पालनम्, मन्त्रिपरिषदः सल्लाहेन कार्यं कर्तुं च। परन्तु तमिलनाडु-केरल-विधानसभासु यत् घटितं तत् राज्यसर्वकाराणां राज्यसदनानां च मध्ये प्रचलति संघषार्णां श्रृङ्खलायां नवीनतमम् अस्ति तथ्यविषये प्रश्नाः। केरलस्य पिनारायी-सर्वकारस्य आरोपः अस्ति यत् राज्यपालः राजेन्द्रविश्वनाथ-अर्लेकरः मन्त्रिमण्डलेन अनुमोदितं सम्बोधनं न पठितवान्। केरलदेशे केन्द्रसर्वकारस्य नीतीनां कारणेन कथं वित्तीयसंकटः अभवत् इति वर्णयन्तः भागाः सः त्यक्तवान् इति कथ्यते। इतरथा तमिलनाडु राज्यपाल आर.एन. रविः विधानसभायाः वार्षिकसत्रस्य आरम्भात् पूर्वं पारम्परिकं उद्घाटनभाषणं न दत्तवान्, अशुद्धतथ्यानि उद्धृत्य राष्ट्रगीतस्य अनादरपूर्णं प्रदर्शनं च। सीमा २ अग्रिमबुकिंग्ः प्रथमेषु २४ घण्टेषु ५३,००० टिकटानि विक्रीताः।

**जीएसटी परिषदः बैठक्याः कृते प्रमुखाः सुधाराः**

# सज्जीकृताः सन्ति, व्यवसायाः महतीं राहतं प्राप्नुयुः



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

आगामिनि जीएसटी परिषदः बैठक्यां करव्यवस्थायाः प्रौद्योगिक्याः सरलीकरणाय, वर्धनाय च अनेके प्रमुखाः निर्णयाः भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति। सूत्राणि सूचयन्ति यत संसदस्य बजटसत्रस्य अनन्तरं सम्भवति एषा सभा विशेषतया जीएसटीपञ्जीकरणे, धनवापसीप्रक्रियायां, लेखापरीक्षाव्यवस्थायां, ई-मार्गविधेयकव्यवस्थायां च व्यापकसुधारविषये चर्चां कर्तुं शक्नोति। व्यवसायानां कृते अनुपालनप्रक्रियायाः सरलीकरणं व्यावसायिकव्ययस्य न्यूनीकरणं च सर्वकारस्य उक्तः उद्देश्यः अस्ति।

सूत्रानुसारं जीएसटी पञ्जीकरणप्रक्रिया शीघ्रं सुचारुतया च कर्तुं सर्वकारः विशेषं बलं ददाति। सम्प्रति पञ्जीकरणकाले बहवः लघुनवव्यापाराः दस्तावेजीकरणस्य, तकनीकीबाधायाः च सामनां कुर्वन्ति। पञ्जीकरणप्रक्रिया अल्पसमये न्यूनतया च उपद्रवैः पूर्णं कर्तुं सर्वकारः प्रयतते, येन लघुव्यापाराणां स्टार्टअपस्य च प्रत्यक्षं लाभः भवति। पञ्जीकरणप्रक्रियायाः सरलीकरणेन औपचारिक अर्थव्यवस्थायां प्रवेशानां नूतनानां व्यवसायानां संख्या वर्धयितुं शक्यते इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते।

जीएसटी-व्यवस्थायां धनवापसी-प्रक्रिया चिरकालात् विवादस्य विषयः अस्ति। निर्यातकाः व्यापारिणः च धनवापसीप्राप्तेः विलम्बस्य विषये निरन्तरं शिकायतुं प्रवृत्ताः सन्ति। सूत्राणि सूचयन्ति यत् आगामिनि सभायां धनवापसीव्यवस्थां अधिकं स्वचालितं पारदर्शकं च कर्तुं विचारयितुं शक्यते। नूतना प्रणाली धनवापसीस्थितेः डिजिटलनिरीक्षणस्य अपि अनुमतिं दातुं शक्नोति, व्यवसायेभ्यः तेषां भुक्तिविषये स्पष्टसूचनाः प्रदातुं शक्नोति तथा च नकदप्रवाहस्य विषयान् न्यूनीकर्तुं शक्नोति।

लेखापरीक्षा-अनुपालन-प्रक्रियाणां सरलीकरणे अपि सर्वकारः ध्यानं ददाति। सम्प्रति जटिललेखापरीक्षानियमानां कारणेन बहवः व्यवसायाः अतिरिक्तसमयस्य संसाधनस्य च सामनां कुर्वन्ति। प्रस्तावितसुधारानाम् अन्तर्गतं लेखापरीक्षाप्रतिवेदनं डिजिटलं अधिकं सुव्यवस्थितं च कर्तुं शक्यते, येन व्यवसायानां अनुपालनभारः न्यूनीकरोति, अधिकं कुशलं करप्रशासनं च सक्षमं भवति। जीएसटी परिषदः सत्रे ई-मार्गविधेयकव्यवस्थायां प्रमुखपरिवर्तनानां विषये अपि चर्चा भवितुं शक्नोति।

**नकलस्य निवारणाय**

## कठोरप्रौद्योगिकी प्रयुक्ता भविष्यति, यूपी बोर्डपरीक्षायाः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

२०२६ उत्तरप्रदेशस्य माध्यमिकशिक्षामण्डलस्य उच्चविद्यालयस्य मध्यवर्तीपरीक्षाणां च नकलरहितं पूर्णतया मुक्तं च सुनिश्चित्य अभूतपूर्वप्रौद्योगिकीपरिहाराः कार्यान्विताः सन्ति। प्रथमवारं बोर्डपरीक्षायाः समये परीक्षाकेन्द्रेषु मोबाईलजालस्य बाधां कर्तुं जैमरस्य उपयोगः भविष्यति। पारदर्शितायाः निवार्हार्थं प्रश्नपत्रस्य लीक इत्यादीनां घटनानां निवारणाय च एतत् कदमः महत्त्वपूर्णः उपक्रमः इति बोर्डेन वर्णितः अस्ति। यूपी बोर्डस्य परीक्षा फरवरी १८ दिनाङ्के आरभ्य १२ मार्चपर्यन्तं भविष्यति, अस्मिन् वर्षे च कोटिकोटि छात्राः भागं गृह्णन्ति।

बोर्डेन प्रकाशितसूचनानुसारम् अस्मिन् समये जैमरस्थापनस्य निर्णयः पायलट् परियोजनारूपेण कृतः अस्ति। राज्ये कुलम् ८,०३३ परीक्षाकेन्द्रेषु २० केन्द्राणां चयनं भविष्यति, तत्र जॅमर-स्थापनं च भविष्यति। परीक्षायाः समये दृढसुरक्षां सुनिश्चित्य एतेषां केन्द्राणां सूचीं बोर्डेन गोपनीयं कृतम् अस्ति। अधिकारिणः वदन्ति यत् जैमरस्य उपयोगेन परीक्षाकेन्द्रस्य अन्तः मोबाईलजालं पूर्णतया बन्दं भविष्यति, येन प्रश्नपत्रेण वा उत्तरपत्रेण वा सम्बद्धानि सूचनानि व्हाट्सएप् अथवा अन्यैः सामाजिकमाध्यममञ्चैः प्रसारयितुं असम्भवं भविष्यति। परीक्षायाः कृते विस्तृता सुरक्षाव्यवस्था कृता अस्ति। यूपी बोर्डेन विगतकेषु वर्षेषु अनेके नूतनाः उपायाः कार्यान्विताः एव सन्ति। २०२५ तमे वर्षात् आरभ्य प्रश्नपत्राणां कृते केन्द्र-वार-कोडिंग्-प्रणाली आरब्धा, येन कस्यापि विसंगतिस्य तत्कालं परिचयः भवति। २०२३ तः आरभ्य प्रश्नपत्राणि चतुर्षु स्तरेषु पैक करिष्यन्ति येन कागदस्य लीकस्य सम्भावना पूर्णतया निवारिता भविष्यति।

## डीआरडीओ वैज्ञानिकानां रक्षाबलानाञ्च समन्वयः अस्याः सफलतायाः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतसर्वकारेण रक्षाप्रतिष्ठानैः च एतां उपलब्धिं रक्षासंशोधनक्षेत्रे देशस्य वैज्ञानिकक्षमतायाः आत्मनिर्भरतायाः च प्रमुखं सोपानम् इति वर्णितम् अस्ति। डीआरडीओ वैज्ञानिकानां रक्षाबलानाञ्च समन्वयः अस्याः सफलतायाः प्रमुखं कारणं मन्यते। एतादृशाः सफलाः परीक्षणाः वैश्विकरक्षाप्रौद्योगिकीक्षेत्रे भारतस्य दृढं पदं प्राप्तुं साहाय्यं करिष्यन्ति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। अग्नि-३ क्षेपणास्त्रस्य एषः सफलः परीक्षणः तस्मिन् समये अभवत यदा भारतं स्वस्य सुरक्षारणनीतिं अधिकं सुदृढं कर्तुं आधुनिकरक्षाप्रौद्योगिकीषु निरन्तरं कार्यं कुर्वन् अस्ति। आत्मनिर्भरभारतअभियानस्य अन्तर्गतं क्षेपणास्त्रप्रौद्योगिक्याः सैन्यसाधनानाञ्च स्वदेशीयविकासाय विशेषप्राथमिकता दीयते। एषा उपलब्धिः न केवलं भारतस्य रक्षाक्षमतां सुदृढां करोति अपितु वैश्विकमञ्चे देशस्य प्रौद्योगिकी-रणनीतिक-पराक्रमं च प्रदर्शयति।

## राशिफल

**मेष** : संतुलन तलाशने और बदलावों के लिए तैयार रहने का दिन है। लव के मामले में पॉजिटिव रहें।

**वृषभ** :नई शुरूआत के बारे में है। आपको प्यार और करियर से लेकर सेहत तक रोमांचक अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** : आपको जीवन के हर क्षेत्र में विकास और सुधार के अवसर मिलेंगे। तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

**कर्क** : जीवन में बैलेंस बनाने की सलाह दी जाती है। चाहे वह रिलेशन हो, करियर हो, आर्थिक मामले हो या स्वास्थ्य हो।

**सिंह** : हर काम को आसानी से निपटा लेने का आपका स्वभाव आपकी सबसे बड़ी संपत्ति होगी।

**कन्या** : ऐसी एक्टिविटी में शामिल हों, जो तनाव से राहत दिला सके। आप सावधानी के साथ मौकों को एक्सप्लोर करें।

**तुला** : नई फीलिंग्स एक्सप्लोर करने से न हिचकिचाएं। स्किल्स ही आपकी क्षमता है, जो आपको दूसरों से अलग बनाएगी।

**वृश्चिक** : नए अवसर मिल सकते हैं, जो आपको उन्नति की ओर ले जा सकते हैं। बजट और बचत प्लान पर नजर जरूर रखें।

**धनु** : सहकर्मियों के फीडबैक पर भी ध्यान दें। दिन का लाभ उठाएं। इसे अपने रिश्ते को मजबूत बनाने पर फोकस करें।

**मकर** : टीमवर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आपको मान सम्मान और पहचान मिल सकती है।

**कुंभ** : आपको अपनी कमाई बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। आज अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर ध्यान दें।

**मीन** : करियर के मामले में आज शुभ है। आज का दिन बदलावों को अपनाने और संतुलन खोजने के बारे है।

## ज्योतिष/वास्तु

# कुंडली मिलान में नाड़ी दोष क्या होता है? जानें वैवाहिक जीवन पर इसका असर और बचने के उपाय

शादी से पहले वर-वधु के कुंडली मिलान में नाड़ी दोष को विशेष महत्व दिया गया है। आइए जानते हैं कि नाड़ी दोष असल में क्या है, इसे इतना महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है और क्या हर स्थिति में इससे डरना जरूरी है?

हिंदू परंपरा में शादी के लिए सबसे कुंडली मिलान की प्रक्रिया को महत्व दिया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, वर-वधू की कुंडली में 36 गुणों को देखकर उनके सुखी, स्थिर और सफल वैवाहिक जीवन के बारे में पता लगाया जा सकता है। कुंडली मिलान वर-वधू के बीच मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक अनुकूलता, दोषों (जैसे मंगल दोष), स्वास्थ्य, संतान सुख और भविष्य के तालमेल को परखने के लिए



किया जाता है। कुंडली मिलान में नाड़ी दोष को विशेष महत्व दिया गया है। आइए जानते हैं कि नाड़ी दोष असल में क्या है, इसे इतना महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है और क्या हर स्थिति में इससे डरना जरूरी है?

**कुंडली मिलान में नाड़ी का क्या अर्थ है-** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विवाह से पहले वर-वधु की जन्म कुंडली मिलाकर कुल 36 गुणों का मिलान किया जाता है। इन 36 गुणों में नाड़ी को विशेष महत्व दिया गया है। नाड़ी का संबंध जन्म नक्षत्र से होता है और इसे तीन वर्गों में बांटा गया है,आदि नाड़ी, मध्य नाड़ी और अंत नाड़ी। यदि लड़का और लड़की दोनों की नाड़ी समान हो, तो इसे नाड़ी दोष कहा जाता है। शास्त्रों में माना गया है कि ऐसा योग वैवाहिक जीवन में चुनौतियां पैदा कर सकता है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाता है।

**नाड़ी दोष को अशुभ क्यों माना जाता है-** पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार नाड़ी दोष होने पर विवाह के बाद दांपत्य जीवन में समस्याएं आ सकती हैं। बुजुर्गों की मान्यता है कि इसका असर स्वास्थ्य, संतान सुख और आपसी सामंजस्य पर पड़ सकता है। कुछ लोग इसे आर्थिक परेशानियों और रिश्तों में तनाव से भी जोड़कर देखते हैं। हालांकि आधुनिक ज्योतिषी इस बात पर भी जोर देते हैं कि केवल एक दोष के आधार पर पूरे रिश्ते को नकारना सही नहीं है। कुंडली में मौजूद अन्य योग, ग्रहों की स्थिति और संतुलन भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। कई उदाहरण ऐसे भी हैं जहां नाड़ी दोष के बावजूद विवाह सुखद और स्थिर रहा है।

**किन स्थितियों में नाड़ी दोष प्रभावी नहीं माना जाता-** अक्सर यह समझा जाता है कि समान नाड़ी होने पर दोष जरूर बनेगा, लेकिन ज्योतिष शास्त्र में कुछ अपवाद भी बताए गए हैं।

एक ही नक्षत्र, अलग चरण- यदि वर-वधु का नक्षत्र समान हो लेकिन चरण अलग-अलग हों, तो नाड़ी दोष का प्रभाव कम या समाप्त माना जाता है। एक ही राशि, अलग नक्षत्र- कुछ मान्यताओं के अनुसार जन्म राशि एक होने और नक्षत्र अलग होने पर भी दोष हल्का माना जाता है। इसी कारण केवल नाड़ी दोष सुनकर घबराने के बजाय पूरी कुंडली का विश्लेषण जरूरी माना जाता है।

**नाड़ी दोष के लिए उपाय-** शास्त्रों में नाड़ी दोष के प्रभाव को कम करने के लिए कुछ पारंपरिक उपाय बताए गए हैं। मंत्र जाप और पूजा- महामृत्युंजय मंत्र का जाप प्रमुख उपायों में शामिल है। दान-पुण्य- अनाज, वस्त्र, भोजन दान या गौ सेवा जैसे कार्य करने की सलाह दी जाती है। मान्यता है कि इन उपायों से मानसिक शांति मिलती है और नकारात्मक प्रभाव कम होता है।

**आखिर नाड़ी दोष से कितना डरना चाहिए-** आज की पीढ़ी ज्योतिष को आस्था के रूप में देखती है, लेकिन निर्णय लेते समय व्यावहारिक सोच भी रखती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि कुंडली मिलान एक दिशा दिखा सकता है, लेकिन अंतिम सच नहीं होता। रिश्ते विश्वास, समझ और संवाद से मजबूत होते हैं। इसलिए नाड़ी दोष की जानकारी रखना जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है संतुलित और समझदारी भरा नजरिया।

## खबर एक नजर...

### छात्राओं को धमकाने वाले प्रभारी प्राचार्य पर केस दर्ज




**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम परसोली में शासकीय हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य बनेसिंह परमार के खिलाफ सोमवार को पुलिस ने छात्राओं की शिकायत पर अभद्रता करने, धमकाने और गाली-गलौच करने का प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि कक्षा 10 वीं की छात्राओं ने शिकायत करते हुए बताया कि स्कूल में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था, इस दौरान प्रभारी प्राचार्य ने गलत शब्दों का प्रयोग किया। परिजनों को घटना बताई तो उनके साथ भी अभद्रता कर धमकाया। बताया जा रहा है कि प्रभारी प्राचार्य काफी समय से छात्र-छात्राओं के साथ अभद्रता करता आ रहा है। पांच माह बाद सेवानिवृत्त होने वाली है बावजूद उसकी हरकते काफी बढ़ गई है।

### जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया कुख्यात बदमाश

**उज्जैन।** विवेकानंद झुग्गी बस्ती में रहने वाले कुख्यात बदमाश अजय उर्फ डमरू पिता अक्कूडा की 2 दिन पहले जिलाबदर अवधि खत्म हुई थी। सोमवार दोपहर नीलगंगा थाना पुलिस ने उसे वाकणकर ब्रिज के पास से हिरासत में लिया। वह जहरीली शराब ठिकाने लगाने जा रहा था। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी शराब बरामद होने पर आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 49-ए और 34 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार बदमाश के खिलाफ 12 से अधिक अपराध दर्ज है। जहरीली शराब मामले में उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### देवासगेट पर बस वालों के बीच चले थप्पड़-मुक्के

**उज्जैन।** देवासगेट पर सिटी लिंक ट्रेवल्स ऑफिस के सामने रविवार-सोमवार रात 2 बसों के टकराने की बात पर दोनों बसों के एजेंटों और ड्रायवर-क्लीनरों के बीच थप्पड़-मुक्के चल गये। दोनों ने ओर से मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। विवादित स्थल पुलिस थाने से कुछ दूरी पर था, विवाद की जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार एक पक्ष से संतोष पिता बाबूलाल राठौर निवासी बजरंग नगर और दूसरे पक्ष से सोनू उर्फ अमरदीप पिता दिलीपसिंह चौहान निवासी फ्रीगंज की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### 2 महिलओं ने खाया जहरीला पदार्थ, 1 की हालत गंभीर

**उज्जैन।** सोमवार को 2 महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि विधायक नगर पंवासा में रहने वाली संगीता पति प्रहलाद चौहान 40 साल की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे उपचार के लिये आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं केसरबाई पति अम्बाराम 36 साल निवासी आंचलपुर झरिन्या माकडोन का उपचार वार्ड में चल रहा है। दोनों ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी सही वजह सामने नहीं आई है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा दोनों महिलाओं के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई है। आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद के चलते दोनों ने मौत को गले लगाने का प्रयास किया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 |

### चार मकान पूरी तरह स्वाहा, विधायक द्वारा की गई आर्थिक मदद

# योगेश्वर टेकरी पर फ्रीज में ब्लास्ट के बाद फैली भीषण आग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अतिप्राचीन योगेश्वरी टेकरी के रास्ते पर बने मकान में सोमवार शाम फ्रीज खोलते ही ब्लास्ट हुआ और भीषण आग फैल गई। चार मकान लपटों से घिर गये। फायर बिग्रेड कर्मी आग पर काबू पाते उससे पहले लाखों का नुकसान हो चुका था। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

आर्य समाज मार्ग पर अतिप्राचीन योगेश्वर टेकरी बनी हुई है। जिसके एक हिस्से की चढ़ाई पर कई मकान बने हुए है, जो कच्चे और लकड़ी के है। यहां रहने वाले मदनलाल तंवर द्वारा शाम को चाय बनाने के लिये फ्रीज में रखा दूध निकाला। उसी दौरान फ्रीज में शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी कम्प्रेशर पर गिरते ही ब्लास्ट हो गया। मदनलाल कुछ समझ पाता उससे पहले आग तेजी के साथ फैली और पूरा घर लपटों से घिर गया। आग पड़ोस में रहने वाले रमेश द्रोणावत के मकान से होती हुई ओमप्रकाश लालावत और अनिल के मकान तक पहुंच गई। कुछ देर में ही योगेश्वर टेकरी का हिस्सा धुआं-धुआं हो गया, मकानों से ऊंची लपटे उठने लगी। रहवासियों ने तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी, 3 दमकल मौके पर पहुंची लेकिन ऊंचाई भरा क्षेत्र होने पर दमकलें ऊपर तक नहीं पहुंच पाई।







दमकल कर्मियों ने पाइप बिछाये और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। करीब 1 घंटे से अधिक समय आग बुझाने में लग गया। इस बीच 2 मकानों में रखा घरेलू सामान पूरी तरह से जलकर स्वाहा हो गया था। 2 मकानों में भी काफी नुकसान हुआ। आगजनी की खबर मिलते ही कोतवाली सीएसपी राहुल देशमुख, थाना प्रभारी दीनबंधूसिंह तोमर टीम के साथ पहुंच गये थे। जिन घरों से आग से नुकसान हुआ वह परिवार बदहवास हो गये थे। उनके जीवनभर की कमान राख में बदल चुकी थी।

#### विधायक ने परिवारों से मिलकर की आर्थिक मदद

योगेश्वर टेकरी पर लगी आग और चार से पांच परिवारों के बेघर होने की खबर मिलते ही विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा मौके पर पहुंच गये थे। उन्होने परिवारों से मुलाकत की और ढांढस बंधाया। परिवारों के मकान टीन शेड़, बल्ली से बने हुए थे। विधायक ने परिवारों को आर्थिक मदद करते हुए टीन शेड,बल्ली दिलाने का आश्वासन दिया और 20-20 हजार की आर्थिक मदद दी। परिवारों के नुकसान की भरपाई कराने के लिये मुख्यमंत्री से भी चर्चा कर मदद दिलाने का आश्वासन दिया। बेघर हुए परिवारों को फिलहाल आसपास के लोगों ने आश्रय दिया है।

#### आगजनी का दर्ज किया गया मामला

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम के बाद मामले में मयूर पिता मदनलाल तंवर की शिकायत पर आगजनी दर्ज की गई है। मयूर तवंर के साथ ओमप्रकाश, रमेश, अनिल के मकान को क्षति पहुंची है। वही सीएसपी राहुल देशमुख ने कहा कि प्रारंभिक रूप से शार्ट सर्किट के बाद ब्लास्ट होने की जानकारी सामने आई है। शार्ट सर्किट कैसे हुआ, इसकी जांच की जायेगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

## घायल युवक की 8 दिन बाद मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महिदपुर-खेड़ाखजूरिया के बीच 30 जनवरी को बाइक सवार कनीराम पिता तेजाराम 28 साल निवासी ग्राम खूरचिनया प्रताप महिदपुर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। कनीराम गंभीर घायल हुआ था, जिसे महिदपुर से उज्जैन रैफर किया गया था। परिजन उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर आये थे। जहां 8 दिनों तक चले उपचार के दौरान रविवार रात मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। उपचार के दौरान मौत का मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल से भी सामने आया है। ग्राम दोंता जागरी के रहने वाले जुझार पिता गोपालसिंह ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत होने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया।

## चोरों की तलाश में निकली पुलिस को बंद मिले कैमरे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महानंदानगर और बसंत बिहार कालोनी में शनिवार-रविवार रात हुई चोरी की वारदात में चोरों का पता लगाने के लिये पुलिस कैमरों के फुटेज खंगालने निकली। लेकिन इंदौररोड पर स्मार्ट सिटी के कैमरे बंद होना सामने आये। अब प्रायवेट कैमरों के फुटेज खंगालने का प्रयास किया जा रहा है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र की बसंत बिहार कालोनी में रहने वाले इंदौर केनरा बैंक के असिस्टेंट मैनेजर विकास पंवार और महानंदानगर में रहने वाले राजेन्द्र भार्गव के मकान में रविवार सुबह चोरी की बड़ी वारदात होना सामने आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे। जिसमें स्कूटी पर सवार 2 बदमाश और एक युवती दिखाई दी। तीनों ने नकाब ओढ़ रखा था। फुटेज सामने आने के बाद उनके भागने का रूट ट्रेस किया तो पता चला कि महामत्युंज्य द्वार की ओर गये है। सोमवार को पुलिस ने महामत्युंज्य द्वार से इंदौर रोड पर लगे स्मार्ट सिटी के कैमरों को देखने का प्रयास किया, लेकिन सिक्स लेन निर्माण के चलते मार्ग पर लगे कैमरे बंद होना सामने आये। पुलिस ने अब प्रायवेट कैमरों को देखना शुरू किया है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि स्कूटी सवार युवती दोनों बदमाश साथियों के साथ इंदौर की ओर भाग की है या फिर इंदौर-नागदा बायपास मार्ग का रूख किया है।

### 1500 पुलिसकर्मी होंगे तैनात, 40 मिनट में दर्शन की व्यवस्था

# महाशिवरात्रि पर 200 कैमरे, 5 ड्रोन से होगी निगरानी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

12 ज्योतिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दरबार में महाशिवरात्रि का पर्व 15-16 फरवरी को मनाया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गई है।



पुलिस कंट्रोल रूम पर एडीजी राकेश गुप्ता की मौजूदगी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के साथ दर्शन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, एएसपी गुरु प्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा, सीएसपी स्तर के अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान अनुमान लगाया गया कि महाशिवरात्रि पर्व पर देशभर के 10 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं को बाबा के आसानी से दर्शन हो सके और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो इसको लेकर 1500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में 150 महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहेगी। वीआईपी दर्शन व्यवस्था के लिए 250 पुलिसकर्मियों को जिम्मा सौंपा जाएगा। मंदिर के आसपास मार्गों पर यातायात व्यवस्था ना बिगड़े इसकी जिम्मेदारी यातायात के पुलिस जवानों पर रहेगी। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 200 सीसीटीवी कैमरो के साथ पांच ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एआई प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। यातायात व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या को देखते हुए वाहन पार्किंग स्थल तैयार किया जा रहे हैं। मंदिर के आसपास और मार्गो पर व्यवस्था बनी रहे इसके लिए यातायात पुलिस लगातार निगरानी करेगी, भीड़ का दबाव बढ़ाते ही आने जाने वाले वाहनों का रूट बदलकर व्यवस्था संभाली जाएगी।

#### 40 मिनट में दर्शन करने का लक्ष्य

पुलिस के साथ ही प्रशासन द्वारा भी महाशिवरात्रि की व्यवस्थाओं को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। श्रद्धालुओं को 40 मिनट में दर्शन करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए महाकाल लोक से मंदिर परिसर तक विशेष मार्ग प्रणाली लागू की जाएगी। श्रद्धालु आराम से बाबा के दर्शन कर सके इसको लेकर मंदिर परिसर के सभी स्थानों पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। भीड़ के दबाव से श्रद्धालुओं की तबीयत ना बिगड़े इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में मेडिकल हेल्थ पाइंट बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के पेयजल की व्यवस्था भी मंदिर समिति की ओर से की जा रही है वहीं दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को आसानी से दर्शन इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। जिसे 13 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com